खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 24 अगस्त 2023 | वर्ष –67 | अंक –288 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ चन्द्रयान-3 बना रहे ... ■ एक आंसू भी हुकूमत... 04
■ अमेरिका ने पहले हाइपरसोनिक हथियार... ■ ईरान ने दिखाया इजराइल तक हमले में... 09
■ रूस से भारत के कच्चे तेल के आयात में... ■ नासिक के सभी एपीएमसी में प्याज की... 11
■ चेस वर्ल्डकप फाइनल... ■ आईसीसी वन-डे रैंकिंग... 10




# भारत चांद पर

## दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला दुनिया का पहला देश बना

### अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप की अंतरिक्ष एजेंसियों ने दी बधाई

**नई दिल्ली/ श्रीहरिकोटा/बेंगलूरू।** भारत ने इतिहास रच दिया है, चंद्रयान-3 चंद्रमा की सतह पर लैंड कर गया है। इसरो के इस मिशन के लिए पूरे देश में दुआ मांगी जा रही थी। श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से शुरू हुई 40 दिनों की यात्रा के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का चंद्रयान-3 मिशन सफलतापूर्वक उतर गया है।

भारत का चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपने तय कार्यक्रम के मुताबिक शाम 6 बजकर 4 मिनट पर सफलता पूर्वक उतरा। इसके साथ ही सफल चंद्रमा मिशन ने भारत को अमेरिका, चीन और तत्कालीन सोवियत संघ के बाद चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला चौथा देश बना दिया है। यह वह क्षण था जिसका बेसब्री से पूरा देश और पूरी दुनिया को इंतजार था और सफलता मिलते ही पूरा देश खुशी से झूम उठा। देश-विदेश से बधाईयों का तांता लग गया।

अब बारी है चन्द्रयान-3 से प्रज्ञान रोवर के निकलने की, जो चन्द्रमा की सतह पर अध्ययन शुरू करेगा। चंद्रयान-3 मिशन 14 जुलाई को श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया था। विक्रम लैंडर ने 1.68 किमी प्रति सेकंड के स्पीड से चंद्रमा की सतह की ओर उतरना शुरू किया था। भारत ने यह नया इतिहास भी रच दिया है कि वह चंद्रमा की सतह के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला देश बन गया है।

### पहला संदेश भेजा

''मैं अपनी मंजिल पर पहुंच गया और आप भी''

लैंडिंग से 20 मिनट पहले, इसरो ने स्वचालित लैंडिंग अनुक्रम (एएलएस) शुरू किया। विशेषज्ञों का कहना है कि मिशन की सफलता के लिए अंतिम 15 से 20 मिनट बेहद महत्वपूर्ण थे जब चंद्रयान-3 का विक्रम लैंडर अपनी सॉफ्ट लैंडिंग के लिए नीचे उतरा। चंद्रयान-3 के लिए देश और दुनिया भर में भारतीयों से प्रार्थना की जा रही थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत इस दिन को हमेशा याद रखेगा और यह उज्ज्वल भविष्य का मार्ग तय करेगा। >>शेष पृष्ठ 2 पर

### यह सफलता भारत के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग तय करेगी-मोदी




### सोनिया, खड़गे, अमित शाह, राहुल, प्रियंका, नीतीश, ममता, शिवराज, कमलनाथ, केजरीवाल सहित अनेक नेताओं ने दी बधाई

## चांद पर क्या-क्या खोजेगा चंद्रयान-3

चंद्रयान-3 मिशन के तहत इसरो चांद पर पानी के अलावा अन्य जरुरी तत्वों की खोज भी करेगा। इनमे हीलियम-3 जैसे तत्व भी शामिल होंगे। इसरो के पूर्व ग्रुप डायरेक्टर सुरेश नाइक ने मीडिया को बताया कि ऐसी उम्मीद है कि चांद के दक्षिणी हिस्से में बड़ी संख्या में पानी की मौजूदगी होगी। लेकिन इससे अलग जो अहम फैक्टर है, वो पावर जेनरेटर का है क्योंकि इस हिस्से की टोपोग्राफी बिल्कुल ही अलग है।

उन्होंने आगे बताया कि यहां ऐसा हिस्सा भी मौजूद है जो पूरी तरह से ढका हुआ है। यह हिस्सा काफी ऊंचा भी है। इसके कुछ हिस्से में सूरज की रोशनी तो आती है लेकिन पूरे हिस्से में नहीं पहुंच पाती है। हालांकि यहां मानवीय कॉलोनी बसाने की संभावना सबसे अधिक है। इसके अलावा चांद पर कई तत्व हैं, इनमें सबसे अहम हीलियम-3 है जो कि इंसान के लिए पॉल्यूशन रहित इलेक्ट्रिसिटी बनाने में मदद करेगी। अगले 2-3 साल में चांद पर पहुंचने वाले देशों की रेस तेज हो जाएगी।

## इसरो की सफलता पर झूम उठे वैज्ञानिक और पूरा देश



इसरो वैज्ञानिकों की वह टीम जिसने फूंक-फूंककर कदम रखा और देश को दिलाई बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि

### कितने दिन का है मिशन?

विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर सूर्य की ऊर्जा से चलेंगे। विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर पृथ्वी के हिसाब से 14 दिन तक चांद की सतह पर खोज करता रहेगा। बता दें कि पृथ्वी के 14 दिन के बराबर चांद का एक दिन होता है। 14 दिन बाद जब चांद के इस हिस्से में अंधेरा हो जाएगा फिर चंद्रयान-3 मिशन ऊर्जा की कमी के कारण बंद करना पड़ेगा। हालांकि 14 दिन बाद यह यहां फिर सूरज निकलेगा तो रोवर फिर काम करने लगेगा।

### आज का दिन भारत के लिए गौरव और प्रसन्नता का दिन : शिवराज

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सारा देश आज गौरवान्वित है। मन, आनंद और प्रसन्नता से सराबोर है। मैं भारत के वैज्ञानिकों को हृदय से धन्यवाद देता हूँ, जिनकी बुद्धिमत्ता और अथक परिश्रम से यह क्षण आए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प को भी प्रणाम करता हूँ, जिनके नेतृत्व में भारत लगातार असाधारण उपलब्धियाँ हासिल कर रहा है।

### हिमाचल की तबाही को राष्ट्रीय आपदा घोषित करे केंद्र : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश में बारिश का कहर अभूतपूर्व तरीके से टूटा है और वहां के लोगों का जीवन तबाह हो गया है इसलिए केंद्र सरकार हिमाचल की घटना को राष्ट्रीय आपदा घोषित कर वहां के लिए 10000 करोड़ रुपए का पैकेज जारी करें। कांग्रेस के हिमाचल के प्रभारी राजीव शुक्ला ने कहा कि हिमाचल में हर तरफ बारिश ने ऐसी तबाही मचाई है कि उसका अंदाज नहीं लग जा सकता।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई—पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो-** भारत ने चांद पर ऐतिहासिक सफलता हासिल कर ली है।

**चुहिया- हां प्रिये-** हम सब बेहद खुश हैं.. इस कामना के साथ कि- वैज्ञानिकों की यह सफलता, सियासी कामयाबी के रूप में प्रचारित न हो पाए..

## मिजोरम में रेलवे का निर्माणाधीन पुल गिरा- 26 की मौत

### मोदी, शाह, वैष्णव ने जताया शोक

**आइजोल, (एजेंसियां)।** मिजोरम के पहाड़ी सैरांग इलाके के पास बुधवार को एक निर्माणाधीन रेलवे पुल ढह जाने से कम से कम 26 श्रमिकों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। रेलवे और पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, अब तक 22 शव बरामद किए जा चुके हैं। ढही हुई स्टील संरचना के नीचे से शेष चार शवों को निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। रेल मंत्रालय ने इसकी उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं।

मिजोरम की राजधानी आइजोल से 10 किमी दूर बैराबी (दक्षिणी असम के पास) को सैरांग से जोड़ने वाले कुरुंग नदी पर रेलवे पुल निर्माणाधीन था। दुर्घटनास्थल आइजोल से करीब 21 किमी दूर है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर), जो 51.38 किलोमीटर लंबी रेलवे परियोजना को लागू कर रहा है, ने चिकित्सा सहायता के साथ रिकवरी प्रोसेस के लिए कई चिकित्सक और इंजीनियरिंग टीमों को भेजा है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, पूर्वोत्तर राज्यों के कई मुख्यमंत्री और शीर्ष नेताओं ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री वर्तमान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए जोहान्सबर्ग में हैं। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए और घायलों के लिए 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। रेल मंत्री ने मृतकों के लिए दस लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए दो लाख रुपए और मामूली चोटों के लिए 50,000 रुपए के अनुग्रह मुआवजे की भी घोषणा की। वहीं, मिजोरम के मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा ने भी हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

### मृतकों के परिजनों को 10-10 लाख, घायलों को 50-50 हजार की सहायता

### प्रधानमंत्री कोष से भी मिलेंगे 2-2 लाख

## सबसे पहले बच्चों की पढ़ाई की चिंता है : शिवराज

- इस वर्ष 7 हजार 790 विद्यार्थी को मिली निःशुल्क स्कूटी वितरण
- शहडोल को मिली नगरपालिक निगम, एयर पोर्ट तथा एक और महाविद्यालय की सौगात



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज शहडोल में राज्य स्तरीय स्कूटी वितरण कार्यक्रम में शासकीय हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी विद्यालयों में 2022-23 में प्रथम स्थान पाने वाले 7 हजार 790 विद्यार्थियों को स्कूटी खरीदने के लिए राशि प्रदान की।

प्रदेश में बढ़ती शिक्षा सुविधाओं की चर्चा करते हुए श्री चौहान ने कहा कि वे भांजे-भांजियों की पढ़ाई लिखाई और उन्हें आगे बढ़ने के सभी अवसर उपलब्ध कराने के लिए संकल्पबद्ध हैं। उन्होने कहा कि वे मध्यप्रदेश को परिवार मानकर सरकार चला रहे हैं।इसीलिए प्रदेश में बड़ी संख्या में हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल स्थापित हुए। विश्व स्तरीय मापदंड और सुविधाओं वाले सीएम राइज स्कूलों का निर्माण हो रहा है। विद्यार्थियों को लैपटॉप और स्कूटी तक उपलब्ध कराई जा रही है। शहडोल के पॉलीटेक्निक कॉलेज में आयोजित हुए कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री रामखिलावन पटेल, सांसद शहडोल हिमाद्री सिंह, क्षेत्रीय विधायकगण तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने 11 करोड़ 62 लाख रूपए की लागत से बनने वाले 7.35 मीटर लम्बे धनपुरी से बम्होरी मार्ग, 27-27 करोड़ की लागत से जयसिंह नगर व बुढार के सीएम राईज स्कूल और 31 करोड़ की लागत से बनने वाले कन्या शिक्षा परिसर जयसिंहनगर का वर्चुअली भूमि-पूजन किया।

## इंदौर वायु सर्वेक्षण में भी पहले स्थान पर

### केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने किया स्वच्छ वायु सर्वेक्षण

**भोपाल।** इंदौर ने देश में एक बार फिर सफलता का परचम फहराया है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में इंदौर ने प्रथम, भोपाल ने 5वां, जबलपुर ने 13वां और ग्वालियर ने 41वां स्थान प्राप्त किया है। पर्यावरण मंत्री हरदीप सिंह डंग ने विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सफलता के लिए बधाई दी है। प्रमुख सचिव गुलशन बामरा ने बताया कि 3 लाख से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में प्रदेश के सागर को 188.02 अंकों के साथ देश में 10वां स्थान मिला है। तीन लाख से कम आबादी वाले शहरों में देवास ने 180 अंकों के साथ देश में 6वां स्थान प्राप्त किया है। गत वर्ष देवास ने 200 में से 175.05 अंकों के साथ पहला स्थान प्राप्त किया था। इंदौर को 200 में से 187, भोपाल को 181, जबलपुर को 172 और ग्वालियर को 114 अंक हासिल हुए हैं।

### आगरा को दूसरा स्थान, जबलपुर को 173 अंक मिले

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

**बदलाव** अगले साल से नया नियम होगा लागू

## साल में दो बार होंगी 10वीं-12वीं की बोर्ड परीक्षाएं

### छात्रों को पढ़नी होंगी दो भाषाएं

### किताबों में भी हो रहा परिवर्तन

नई दिल्ली, 23 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने बुधवार को नई शिक्षा नीति के तहत अकादमिक सत्र 2024-25 के लिए नोटिफिकेशन जारी किया। जिसके मुताबिक, अब 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार कराई जाएंगीं।

दोनों परीक्षा में जिसमें छात्र के ज्यादा अंक होंगे, उसे गिना जाएगा। इसके अलावा 11वीं और 12वीं के छात्रों को दो भाषाएं पढ़नी होंगी। इनमें से एक भारतीय भाषा होनी चाहिए। हालांकि, छात्रों को विषय चुनने की छूट होगी। उन पर चुनी गई स्ट्रीम के आधार पर कोई प्रतिबंध नहीं होगा। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि सत्र 2024 के लिए किताबों में भी बदलाव किया जा रहा है।



किताबों में अब भारी-भरकम सिलेबस भी नहीं रखा जाएगा। किताबों की कीमतें भी कम की जाएंगी।

नया पाठ्यक्रम नई शिक्षा नीति -2020 को ध्यान में रखकर तैयार किया जाएगा। जिसमें स्कूल बोर्ड कोर्स पूरा होने पर ऑन डिमांड परीक्षा कराने की मांग कर सकेंगे।

### जीडीपी का 6 फीसदी खर्च करने का लक्ष्य

नई शिक्षा नीति को 29 जुलाई 2020 को इसे मंत्रिमंडल से मंजूरी मिली थी। इसमें शिक्षा नीति में समानता, गुणवत्ता जैसे कई मुद्दों पर ध्यान दिया गया है। सरकार ने नई शिक्षा नीति पर केंद्र और राज्य के सहयोग से जीडीपी का 6 फीसदी हिस्सा खर्च करने का लक्ष्य रखा है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने अप्रैल 2023 में नेशनल कॅरिकुलम फ्रेमवर्क का ड्राफ्ट जारी किया था। इसमें 12वीं की बोर्ड परीक्षा को दो टर्म में लेने का प्रस्ताव रखा गया। 10वीं-12वीं के नतीजों में पिछली कक्षाओं के अंक जोड़ने की सिफारिश भी की गई।

इन बदलावों के पीछे का उद्देश्य छात्रों को महीनों तक बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी करने के मुकाबले उनकी समझ और उपलब्धि का आकलन करना है।

# देश-विदेश

## नेपाल : नदी में गिरी बस, 8 से ज्यादा की मौत, कई लापता

**काठमांडू।** नेपाल में एक यात्री बस अचानक नदी में जा गिरी। यात्री बस समेत डूबने लगे। कई यात्री खिड़कियों को तोड़कर बस की छत पर आ गए। इस बीच आसपास के लोगों को बस के नदी में गिरने की जानकारी हुई। जब तक राहत और बचाव कार्य में स्थानीय लोग और पुलिस मदद कर पाते, तब तक कम से कम 8 लोगों की मौत हो चुकी थी। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। घटना नेपाल के बागमती प्रांत में बुधवार को हुई, जब एक यात्री बस मुख्य राजमार्ग से फिसलकर नदी में जा गिरी। इसमें कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई तथा 15 अन्य लोग घायल हो गये।

# राजधानी में जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारी तेज, सुरक्षा व्यवस्था के होंगे पुख्ता इंतजाम

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** आगामी 8-10 सितंबर के दौरान होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के सुरक्षित और सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए राजधानी में विशेष स्थानों पर त्वरित प्रतिक्रिया टीमों क्यूआरटी, एंबुलेंस और उन्नत अग्निशमन तंत्र जिसमें अग्निशमन रोबोट शामिल हैं की तैनाती समेत सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना व्यक्तिगत रूप से जमीनी स्तर पर जी-20 शिखर सम्मेलन से जुड़ी तैयारियों की निगरानी कर रहे हैं। उनके निर्देशानुसार दिल्ली पुलिस ने आईजीआई हवाई अड्डे, 23 नामित होटल, आईटीपीओ, राजघाट और कार्यक्रम के दौरान वीवीआईपी द्वारा लिए जाने वाले मार्गों पर 450 से अधिक क्यूआरटी,पीसीआर वैन, 50 से अधिक एंबुलेंस और अग्निशमन मशीनरी की तैनाती के साथ व्यापक सुरक्षा योजनाएं बनाई हैं। एक अधिकारी ने बताया कि शिखर सम्मेलन स्थल आईटीपीओ में 11 क्यूआरटी, 24 एंबुलेंस और 3 फायर टेंडर तैनात किए जाएंगे। फायर टेंडरों के अलावा 2 अतिरिक्त इकाइयां जिनमें एक स्काई लिफ्ट/हाइड्रोलिक प्लेटफार्म और एक अग्निशमन रोबोट शामिल हैं, आयोजन की पूरी अवधि के दौरान आईटीपीओ में तैनात रहेंगे। इसी तरह आईजीआई एयरपोर्ट पर 10 क्यूआरटी, 4 एंबुलेंस और 4 फायर टेंडर तैनात रहेंगे।

अधिकारी ने बताया कि जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान विशेष अतिथियों के लिए आवाजाही के लिए उपयोग में आने वाले 61 मार्गों पर कुल 402 क्यूआरटी वैन तैनात की जाएंगी। जहां गणमान्य व्यक्ति और अन्य विदेशी प्रतिनिधि ठहरेंगे ऐसे 23 होटलों में क्यूआरटी वैन तैनात की जाएंगी। इसके अलावा कुल 7 आपदा प्रबंधन टीमें 7 रणनीतिक स्थानों तैनात रहेंगी, जबकि 4 नामित होटलों, आईटीपीओ, राजघाट और आईएआरआई-पूसा पर तैनात रहेंगी। इन सभी स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के लिए, एनडीआरएफ टीमों के अलावा, इन सभी 7 स्थानों पर क्यूआरआरटी, एंबुलेंस और अग्निशमन कर्मियों को भी तैनात किया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### भारत चांद पर....

पीएम ने कहा कि इसरो जल्द ही सूर्य के लिए आदित्य एल-1 मिशन लॉन्च करेगा और उसकी मंगल ग्रह पर जाने की भी योजना है। श्री मोदी ने कहा कि यह दुनिया की उपलब्धि है और ग्लोबल साउथ समेत सभी देश इसे हासिल करने में सक्षम हैं।

**यूके स्पेस एजेंसी ने कहा, इतिहास बन गया, इसरो को बधाई**-अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोप की अंतरिक्ष एजेंसियों ने भारत के चंद्रयान-3 मिशन की सफलता पर बधाई दी है। इसरो के वैज्ञानिकों के नेतृत्व में चंद्रयान-3 मिशन ने बुधवार को इतिहास रच दिया, भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला दुनिया का पहला देश बन गया। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, चंद्रयान-3 के चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग के लिए इसरो को बधाई! और चंद्रमा पर अंतरिक्ष यान की सफलतापूर्वक सॉफ्ट-लैंडिंग करने वाला चौथा देश बनने पर भारत को बधाई। 'हम इस मिशन में आपका भागीदार बनकर खुश हैं!' यूके स्पेस एजेंसी ने कहा, इतिहास बन गया! इसरो को बधाई।' यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के महानिदेशक जोसेफ एशबैकर ने एक्स पर कहा, अविश्वसनीय! इसरो, चंद्रयान-3 और भारत के सभी लोगों को बधाई!! उन्होंने कहा, नई प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित करने और किसी अन्य खगोलीय पिंड पर भारत की पहली सॉफ्ट लैंडिंग हासिल करने का यह कैसा तरीका है।' इस प्रक्रिया में ईएसए के समर्थन पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि एजेंसी महान सबक सीख रही है और महत्वपूर्ण विशेषज्ञता प्रदान कर रही है।'

### मिजोरम में....

के लिए जोहान्सबर्ग में हैं। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपए और घायलों के लिए 50,000 रुपए की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। रेल मंत्री ने मृतकों के लिए दस लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए दो लाख रुपए और मामूली चोटों के लिए 50,000 रुपए के अनुग्रह मुआवजे की भी घोषणा की। वहीं, मिजोरम के मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा ने भी हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है।


## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर

### सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. /अ-201 (1) / वर्ष 2022-23

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार नवीनीकरण एवं व्यवसायिक से आवासीय मद में परिवर्तन की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 13/09/2023 को प्रात: 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**अनुसूची**

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षेत्र का नाम | प्लाट नं. | क्षेत्रफल व.फु. में | विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों का नाम, पिता/माता का नाम पूर्ण नाम पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/ पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | करेलीगंज | 07<br>35/2 | 1013 व.फु.<br>576 व.फु. | श्रीमती मंजू किलेदार पत्नी स्व. दीपेन्द्र सिंह किलेदार आनंद आ. दीपेन्द्र सिंह किलेदार निवासी ग्राम भुगवारा तहसील करेली | श्रीमती मंजू किलेदार पत्नी स्व. दीपेन्द्र सिंह किलेदार आनंद आ. दीपेन्द्र सिंह किलेदार निवासी ग्राम भुगवारा तहसील करेली |

आज दिनांक 22/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**

## निविदा / नियुक्ति / जाहिरात

## आम सूचना

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार शंभू प्रसाद झारिया पिता श्री पुरषोत्तम लाल झारिया निवासी उदय नगर नंबर 1 व्ही. एफ. जे. रांझी जबलपुर से अधिकृत होकर यह सूचना प्रकाशित करता हूँ कि मेरी पत्नि गीता झारिया से मेरी तीन संताने योगेश झारिया, अंकिता झारिया नीलेश झारिया है मेरे पक्षकार के तीनों संतानों का विवाह हो चुका है तथा मेरे पक्षकार ने अपनी चल व अचल संपत्ति में से अपने दोनो पुत्रो योगेश को 200 व. फु. व नीलेश को 200 व.फु. भूमि अपने घर के पीछे बनाकर उनका हक हिस्सा उनको दे दिया है। मैंने उक्त चल अचल संपत्ति से उनका हक हिस्सा देकर बाकी शेष चल व अचल संपत्ति से उनको बेदखल कर दिया है पुत्री अंकिता मेरे पक्षकार के साथ ही निवासरत है, यदि भविष्य में मेरे पुत्र योगेश व नीलेश के द्वारा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था आदि से किसी भी प्रकार का लेन देन या ऋण प्राप्त किया जाता है तो उसकी पूरी जवाबदारी योगेश व नीलेश की होगी।

स्थान- जबलपुर
दिनांक- 07/08/ 2023

**घनश्याम तिवारी (एडवोकेट)**
**म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर**
**कार्यालय / निवास - म.नं. 1761**
**न्यू शोभापुर भडपुरा रांझी जिला जबलपुर**
र.नं. 1026 **मोबा. नं. 9303228014**

## प्रारूप घ

## म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 147क के अधीन चल-अचल संपत्ति ग्राम के विक्रय की उद्घोणा

क्योंकि नीचे निर्देशित अचल संपत्ति ग्राम सुभाषनगर की भूमि प्लाट नं. 873 नया डायवर्सन प्लाट में 873/1ए. शीट में 255, नेपियर टाउन जबलपुर का रकवा 775 वर्गफुट निर्मित एरिया एवं जिसका अविभाजित रकवा 271.25 व.फु गुडविल अपार्टमेंट कमांक 303 पर माननीय न्यायालय द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय भोपाल म0प्र0 के द्वारा पत्र कमांक 687 / 2023 भोपाल दिनांक 10.07.2023 के परिपालन में भरण पोषण की राशि बसूल किये जाने हेतु प्राप्त हुआ है। उक्त प्रतिपूर्ति राशि की बसूली की कुल राशि 20,50,000/- अंकन बीस लाख पचास हजार रूपये हेतु उक्त प्रश्नाधीन भूमि कुर्क की गयी है।

एतदद्वारा उद्घोषणा की जाती है कि यदि इसमें विक्रय के हेतु नियत दिनांक से पूर्व देय राशि का भुगतान 05/09/2023 को नहीं किया जाता तो उक्त संपत्ति का सार्वजनिक नीलाम द्वारा स्थान कार्यालय तहसीलदार अधारताल पता हाट बाजार विजय नगर जबलपुर पर दिनांक 11/09/2023 को 11 बजे अपरान्ह या उस समय के लगभग विक्रय कर दिया जायेगा।

| क्र. | चल संपत्ति का वर्णन | वस्तुओं की संख्या | धारा 147 के अधीन मुक्त की गई संपत्ति |
|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम सुभाषनगर की भूमि प्लाट नं. 873 नया डायवर्सन प्लाट नं. 873/1ए. शीट नं. 255, नेपियर टाउन जबलपुर का रकवा 775 वर्गफुट निर्मित एरिया एवं जिसका अविभाजित रकवा 271.25 व.फु. | 1 | निरंक |

पात्रता संबंधी शर्तें :
1. निविदाकर्ता की वित्तीय स्थिति बेहतर होनी चाहिए।

निविदा संबंधी अनिर्वा संलग्नक :
1. आधार कार्ड की छायाप्रति
2. आयकर पंजीकरण प्रमाणपत्र / पैन नंबर की छायाप्रति ।

### नीलामी की नियत व शर्तें

1. नीलामी में भाग लेने वाले के इच्छुक बोलीकर्ता निविदा प्रपत्र के साथ रू.2,00,000/- का बैंक ड्राफ्ट तहसील अधारताल जबलपुर के नाम से धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। जो भी निविदाकर्ता रू 2,00,000/- का ड्राफ्ट संलग्नय नहीं करता है ऐसी स्थिति मैं निविदाकर्ता की निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
2. इच्छुक बोलीकर्ता पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा को तहसील कार्यालय में दिनांक 11.09. 2023 को अपरान्ह 4.00 बजे तक जमा कर सकते है। इसके उपरान्त प्राप्त की गई. बोलीकर्ताओं पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. इच्छुक बोलीकर्ता उक्त संपत्ति का भौतिक निरीक्षण स्वयं करें।
4. उक्त संपत्ति यथास्थिति में ही निलाम की जावेगी।
5. नीलामी सफल उच्चतम बोली लगाने वाले बोलीकर्ता को दी जाएगी।
6. बोली की कीमत किसी भी दशा में सरकारी गाईड लाईन वर्ष 2023-24 से कम नहीं होगी।

र.नं. 1020 **तहसीलदार, अधारताल जबलपुर**

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार श्रीमती सुधा चौरसिया पति मुरलीधर चौरसिया एवं सचिन चौरसिया पिता मुरलीधर चौरसिया ने अपने स्वामित्व के म.नं, 452/1, ब्लॉक नं. 107, प्लाट नं. 76/2, तिलक वार्ड (पुराना), नया जवाहर वार्ड, जबलपुर कि उचित देखरेख व अन्य आवश्यक कार्यवाही हेतु 05.09.2011. को श्री मुरलीधर चौरसिया आत्मज स्व. श्री बाबूलाल चौरसिया निवासी ए-58, पॉवर सिटी कॉलोनी, कोरबा वेस्ट, जिला कोरबा छ.ग. को मुख्यारआम नियुक्त किया था। चूंकि मुख्यारआम द्वारा निर्धारित शर्तों का पालन नहीं किया गया। मुख्तयारनामा में किसी भी तरह का वित्तीय अधिकार मुख्यारआम को नहीं दिया गया था। फिर भी मुख्तयारआम ने उक्त सम्पत्ति में हमारे पक्षकार की ओर से दिनांक 05.05.2017 को आपसी सहमति से समझौता प्रतिवादी के साथ न्यायालय जबलपुर के बाहर बिना वित्तीय अधिकार के किया था, जो हमारे पक्षकार के हितो के खिलाफ है। दिनांक 05. 05.2017 को आपसी समझौतों की मौखिक सूचना पर सक्षम न्यायालय श्रीमान दशम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 जबलपुर मध्यप्रदेश द्वारा बिना डिक्री पारित किये वाद क्र. 89ए/2015 को समाप्त कर दिया ।

आपसी समझौता में बिना वित्तीय पॉवर के मुख्यारआम द्वारा वित्तीय अनुबंध व अन्य कार्यवाही की गयी है जो पूर्णत: शून्य और शून्य करणीय है। इस आम सूचना के माध्यम से आम लोगों को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति हमारे मुख्यारआम से हमारी इस सम्पत्ति से संबंधित कोई भी वित्तीय लेन-देन एवं व्यवहार न करें। यदि कोई करता है तो उसकी कोई जबावदारी हमारे पक्षकार श्रीमती सुधा चौरसिया एवं श्री सचिन चौरसिया की नहीं होगी।

जबलपुर,
दिनांक 23/08/2023

**शरद शुक्ला (एडवोकेट)**
**म.प्र. उच्च न्यायालय**
**पता- म.नं. 129. बावली के सामने.**
र.नं. 1017 **गढ़ा जबलपुर**

In The Court of XXI, Civil Judge Class-II, District Court, Jabalpur presiding Officer:

**फरहान मसूद कुरैशी**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)**
**(RCSA/ 0000731/2023)**
**फकीह बेगम उर्फ समसाद बेगम............वादी**
**Vs**
**आम जनता.... .....प्रतिवादी**
**Process Id- /2023**
**पेशी दि.:-02/09/2023**

प्रेषिती-(1) आम जनता पता- जबलपुर म.प्र.

यह कि प्रार्थी फकीहा बेगम उर्फ समसाद बेगम ने आपके विरूद्ध अण्डर सेक्शन 34 आफ स्पेशिफिक रिलीफ एक्ट सूट फार डिक्लेरेशन आफ नेम आफ प्लेनटिफ एण्ड डेट आफ बर्थ के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 22 अगस्त 2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ अण्डर सेक्शन 34 आफ स्पेशिफिक रिलीफ एक्ट सूट फार डिक्लेरेशन आफ नेम आफ प्लेनटिफ एण्ड डेट आफ बर्थ की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**(फरहान एम. कुरैशी)**
**इक्कीसवें व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड,**
र.नं. 1023 **जबलपुर (म.प्र.)**

## कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर

क्र./सम्पत्ति/जविप्रा/3453 जबलपुर, दिनांक 23/08/2023

### हस्तांतरण किये जाने हेतु जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के भू-खण्डधारियों द्वारा हस्तान्तरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञापन प्रकाशन तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण ब्लाक नं. 7-अ, सिविक सेंटर, मढ़ाताल, जबलपुर में प्रस्तुत करें। अन्यथा उक्त सम्पत्ति वांछित कार्यवाही कर दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**हस्तांतरण करने वाली संपत्ति का विवरण :-**

| सं. क्र. | यो. क्र. | भू./भ./दु. | विक्रेता का नाम एवं पता | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 09 | भूखण्ड क्र. 22 की अति. भूमि | 1. श्रीमती सजनी अर्गल 2. श्री नितिन अर्गल 3. श्री सचिन अर्गल 4. श्री अनुपम अर्गल, पति/पिता स्व. श्री प्रमोद कुमार अर्गल पता- 22, शांति नगर, दमोहनाका, जबलपुर | श्रीमती सुधा मिश्रा पति श्री अशोक कुमार मिश्रा पता-209, ग्रीन ब्लू अपार्टमेंट, सिविल लाईन जबलपुर |

**संपदाधिकारी**
**जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

## कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रीवा परिक्षेत्र रीवा (म.प्र.)

website:www.mppwd.gov.in Email:-cepwdrewa@mp.nic.in phone no. 07662-255200, Fax: 255380

### निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्र. 14/ सा. / 2023-24 रीवा दिनांक 17.08.2023

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | संभाग का नाम | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानत राशि रूपये | निविदा फार्म रूपये |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2023_PWD RB_299696_1 | सीधी | कपुरी बघऊ बिठौली सजवानी (एम.डी.आर.) कि.मी. 1/2 से 35/10 लं. 35.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 28 माह वर्षाकाल सहित | 3598.09 | 1799045/- | 50000/- |
| 2 | 2023_PWD RB_299699_1 | शहडोल | भमरहा रसपुर से आखेटपुर पिपरी टोला मार्ग लं. 5.50 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 06 माह वर्षाकाल सहित | 516.47 | 516470/- | 20000/- |
| | | | | | Total :- | 4114.56 | | |

उपरोक्त बेवसाईट आनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डॉक्यूमेन्ट ) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा आनलाईन बिड सबमिशन की प्रारंभिक तिथि दिनांक 24.08.2023 से अंतिम तिथि 12.09.2023 सायं 17.30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट में किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

G-18695/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**मुख्य अभियंता,**
**लो.नि.वि. रीवा परिक्षेत्र रीवा**

## कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर म.प्र.

### प्रारंभिक अधिसूचना

( देखिये धारा 11 )

क्रं. 274/भू-अर्जन/2023 नरसिंहपुर, दिनांक 18.08.2023

**रा.मा. क्रं. 13/अ-82/2023-24 मौजा ग्राम- गोकला प.ह.नं. 13/5 न.बं. 147 तहसील- करेली**

चूंकि समुचित सरकार को यह प्रतीत होता है कि अनुसूची-1 में कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिहपुर को नर्मदा नदी पर चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के लिये डूब क्षेत्र हेतु भूमि की आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है।

सर्व संबंधित को यह सूचित किया जाता है कि चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति (EC Identification No. - EC23B000MP119529) को राज्य स्तरीय पर्यावरणीय प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण द्वारा दिनांक 30.01.23 प्रदाय की गई है। भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 6 की उपधारा 2 के अनुसार सिंचाई परियोजनाओं के संबंध में जहां पर्यावरणीय प्रभाव निर्धारण की प्रक्रिया की तत्समय प्रवत्त किसी अन्य विधि के प्रावधानों के अधीन अपेक्षा की जाती, सामाजिक प्रभाव निर्धारण से संबंधित इस अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होंगे। अत: भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन सार्वजनिक सूचना के जरिये सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि इसके द्वारा उक्त परियोजना हेतु निम्नानुसार भूमि का अर्जन किया जाता है-:

**अनुसूची - 1**

1. परियोजना का नाम : चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के लिये डूब क्षेत्र हेतु।
2. भूमि का विवरण
   1. जिला : नरसिंहपुर 2. तहसील : करेली 3. ग्राम : गोकला 4. प.ह.नं. : 13/7
   5. नं.बं. : 147 6. अर्जित भूमि का क्षेत्रफल : 30.745 हे.

**अनुसूची - 2**

| सं. क्रं | भू-धारक खातेदार का नाम ( खसरा नाम अनुसार ) | स्वामित्व का प्रकार | ख.नं. | अर्जन हेतु रकवा हेक्ट. में |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 1. | गोपाल आ. जगदीश सिंह लोधी सा. देह | भूमि स्वामी | 10<br>12 | 0.138<br>0.073 |
| 2. | भगवान सिंह पिता बहादुर सिंह लोधी, नरसिंहपुर | भूमि स्वामी | 6/1<br>17<br>65/1 | 0.405<br>1.820<br>0.364 |
| 3. | रुपसिंह वल्द रमेश सिंह लोधी सा. गुरसी | भूमि स्वामी<br>भूमि स्वामी | 6/10<br>14/2, 14/3, 15, 16 | 0.210<br>2.630 |
| 4. | कृष्ण कुमार वल्द भगवानसिंह लोधी सा. देह | भूमि स्वामी | 6/11 | 0.435 |
| 5. | चौहानसिंह वल्द तुलसीराम लोधी सा. देह | भूमि स्वामी | 6/5 | 0.689 |
| 6. | लक्ष्मण सिंह वल्द तुलसीराम लोधी सा. देह | भूमि स्वामी | 6/6 | 0.226 |
| 7. | गजराजसिंह वल्द भैयालाल ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 13/1, 13/3 | 0.585, 0.240 |
| 8. | चंदाबाई जोजे गजराज सिंह ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 13/3 | 0.240 |
| 9. | भीष्मसिंह आत्मज कमलसिंह लोधी सा. देह | भूमि स्वामी | 14/1 | 0.060 |
| 10. | बड्डीबाई बेवा जानकीप्रसाद शिवलाल संतोष नन्हेलाल कुंताबाई बालिग संजय गुलजार जीराबाई ना.बा. पिता स्व. जानकी प्रसाद बली मां बड़ीबाई धानक सा. देह | भूमि स्वामी | 75/3 | 0.016 |
| 11. | गुलाबसिंह वल्द अमरसिंह मुलिया वल्द धीरा ग्यारसीबाई सत्तोबाई केशरबाई पिता मोहन धानक सा.देह | भूमि स्वामी | 34/1 | 0.100 |
| 12. | हल्की बाई जोजे मिट्ठू धानक सा. देह | भूमि स्वामी | 34/2 | 0.024 |
| 13. | नन्दूप्रसाद वल्द मोहन धानक सा. देह | भूमि स्वामी | 34/3 | 0.016 |
| 14. | श्री देव गौकर्णनाथ जी सर, बहादुरसिंह वल्द जवाहर सिंह लोधी सा. देह संरक्षक कलेक्टर महोदय नरसिंहपुर | भूमि स्वामी | 35<br>18 | 0.280<br>0.024 |
| 15. | गोपाल आ. जगदीश सिंह लोधी सा. देह | भूमि स्वामी | 65/2<br>66 | 0.024<br>0.040 |
| 16. | सेवक पिता कढोरी धानक साकिन करेली | भूमि स्वामी | 53<br>72/4<br>73/1/अ | 0.040<br>0.060 |
| 17. | हरीराम रेवती बाई नन्हीबाई विक्कोबाई विमलाबाई पिता राव सोवरसिंह ढीमर सा. नरसिंहपुर | भूमि स्वामी | 54<br>55/2 | 0.040<br>0.018 |
| 18. | विष्णु प्रसाद वल्द बाबूलाल धानक सा. करेली | भूमि स्वामी | 55/1 | 0.111 |
| 19. | टावल सिंह आ. देवीसिंह धानक सा. देह | भूमि स्वामी | 52/1<br>68/1<br>73/1/ख | 0.060<br>0.018<br>0.072 |
| 20. | शोभाराम आ. देवीसिंह धानक सा. देह | भूमि स्वामी | 52/2<br>68/2 | 0.060 |
| 21. | रामकुवर बाई जोजे तुलसीराम लोधी सा. देह | भूमि स्वामी | 69<br>51<br>94/2 | 0.178<br>0.032<br>0.952 |
| 22. | छोटेलाल वल्द देवीसिंह धानक सा. देह | भूमि स्वामी | 70 | 0.154 |
| 23. | तेजबल उर्फ हल्कोरी आ. नन्हा धानक सा. देह | भूमि स्वामी | 72/1<br>72/3<br>73/1/ध | 0.068<br>0.024 |
| 24. | रामदयाल वल्द गनपा धानक सा. देह | भूमि स्वामी | 73/1/झ | 0.016 |
| 25. | लखन ना.वा. वल्द वली श्यामलाल धानक सा. देह | भूमि स्वामी | 73/4 | 0.016 |
| 26. | सरदार सिंह आ. गनपे धानक सा. देह | भूमि स्वामी | 73/1/ड | 0.222 |
| 27. | जूगराज उर्फ श्रीराम आ. सरदार सिंह ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 79/1 | 0.048 |
| 28. | हरीराम पिता सोवरन सिंह ढीमर सा. करेली | भूमि स्वामी | 79/2 | 0.288 |
| 29. | नन्हेलाल आ. चेतराम ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 78/11<br>78/14 | 0.120 |
| 30. | तेजबल आ. मुल्ले ढीमर नि. ग्राम | भूमि स्वामी | 78/12 | 0.184 |
| 31. | भूरा वल्द रामसिंह ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 78/7<br>78/9<br>80/3 | 0.060 |
| 32. | नन्हेलाल वल्द रामकिशन ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 80/1 | 0.202 |
| 33. | कलाबाई जोजे सीतराम ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 80/2 | 0.550 |
| 34. | दशरथ वल्द रामकिशन ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 82/1 | 0.144 |
| 35. | ज्ञानी वल्द बहादुर सिंह लोधी सा. देह | भूमि स्वामी | 93/1<br>94/3 | 0.809<br>0.802 |
| 36. | गिरवर सिंह वल्द बहादुर सिंह लोधी सा. देह | भूमि स्वामी | 93/2 | 1.348 |
| 37. | रचनाबाई जोजे मस्तराम लोधी सा. रातीकरारकलां | भूमि स्वामी | 94/1 | 0.809 |
| 38. | परषोत्तम वल्द हल्के लोधी सा. रमपुरा | भूमि स्वामी | 95 | 0.729 |
| 39. | वीरन आ. सुखराम नोरिया सा. देह | भूमि स्वामी | 96/1<br>96/2 | 1.339 |
| 40. | मुल्ले वल्द लुट्टे ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 96/3 | 0.060 |
| 41. | रक्खीबाई बेवा खुमान पूनाबाई बीरोबाई वा. राजेश राकेश दुर्गाबाई नीलू ना.बां. पिता खुमान वली मां रक्खीबाई ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 96/4 | 0.082 |
| 42. | सोमनाथ वल्द मुल्ले ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 96/5 | 1.036 |
| 43. | दशरथ वल्द सरदार सिंह ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 96/6<br>26/4 | 0.465<br>0.004 |
| 44. | जुगराज उर्फ श्रीराम सा. सरदार सिंह ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 96/7 | 0.271 |
| 45. | नर्बेदीबाई पिता दलीपसिंह पति गिरवर सिंह लोधी सा. नरसिंहपुर | भूमि स्वामी | 97,98 | 1.060 |
| 46. | गनेशीबाई पत्नि मलखान सिंह लोधी सा. रमपुरा | भूमि स्वामी | 99/1, 100/1 | 0.564 |
| 47. | प्रेमसिंह वल्द मलखान सिंह लोधी सा. रमपुरा | भूमि स्वामी | 99/2<br>100/2 | 0.565 |
| 48. | ग्यारसी उर्फ गयाप्रसाद पिता रामकिसन ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 92/1 | 0.160 |
| 49. | राजेश कुमार वल्द गिरवर सिंह लोधी सा. देह | भूमि स्वामी | 92/2 | 1.354 |
| 50. | महेश कुमार वल्द वरजोर सिंह लोधी सा. देह | भूमि स्वामी | 92/3 | 0.405 |
| 51. | गया प्रसाद हाकमसिंह दशरथ नन्हेलाल गंगाराम रमेश रामुकवर बाई हल्की बाई बड़ी बाई पिता रामकिशन ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 91/1<br>91/3<br>91/4<br>26/10 | 0.381<br>0.382<br>0.381<br>0.336 |
| 52. | हाकम सिंह पिता रामकिशन ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 91/2 | 0.382 |
| 53. | लालजू वल्द रामसिंह ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 85/1<br>26/5<br>26/9 | 0.082<br>0.633<br>0.056 |
| 54. | सीताराम वल्द इमरत सिंह ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 85/2 | 0.028 |
| 55. | किशोरी वल्द मानक ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 26/2 | 0.040 |
| 56. | पेशबाई बेवा रामसिंह लालजू पंचम साहब दयाशंकर भूरे कल्याण राजेन्द्र राजाराम गिरजा माया गुड्डी रामबाई पिता रामसिंह ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 26/8 | 0.068 |
| 57. | हेमन्त सिंह आ. मेरसिंह नौरिया सा. देह | भूमि स्वामी | 26/11 | 0.240 |
| 58. | मेरसिंह वल्द चेतराम ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 26/7<br>26/1 ग | 0.032<br>0.405 |
| 59. | गेंदालाल आ. मानकलाल ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 26/6 | 0.348 |
| 60. | किशोरीलाल कोमल गेंदालाल भगवानसिंह कलाबाई छोटी बाई पिता मानक ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 26/12 | 0.931 |
| 61. | सेवकसिंह आ. सीताराम ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 26/15 | 0.332 |
| 62. | साहब सिंह आ. रामसिंह ढीमर सा. देह | भूमि स्वामी | 26/13 | 0.931 |
| 63. | लक्ष्मण सिंह वल्द टावलसिंह लोधी सा. समनापुर | भूमि स्वामी | 88 | 0.372 |
| | **कुल योग** | | | **30.745** |

यह अधिसूचना इससे संबंधित सभी व्यक्तियों के लिये भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का 30) की धारा 11 (1) उपबंधों के अधीन जारी की गई है।

राज्य सरकार की अधिसूचना क्रमांक-एफ भोपाल दिनांक- एफ 16-15 (7)-2014-सात-शा. 2ए भोपाल दिनांक 29.09.2014 जिसका मध्यप्रदेश राजपत्र दिनांक 03.10.2014 के पृष्ठ क्रमांक 2895 पर प्रकाशन किया गया है। उक्त अधिसूचना के परिपालन में प्रभारी अधिकारी, भू-अर्जन शाखा नरसिंहपुर को अधिनियम की धारा 12 द्वारा दी गई शक्ति का प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया जाता है।

सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथा उपबंधित एवं विनिर्दिष्ट कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर और उसके कर्मचाारिवृंद को भूमि में प्रवेश करने और उसका सर्वेक्षण करने, किसी भी भूमि के स्तर लेने, अवमृदा में खुदाई करने या वेधन करने और अपने कार्य उचित निष्पादन के लिये अपेक्षित सभी अन्य कार्य करने के लिये प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई भी व्यक्ति कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना ऐसी अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से भूमि का कोई भी संव्यवहार नहीं करेगा या कोई भी संव्यवहार नहीं होने देगा अर्थात क्रय/विक्रय आदि नहीं करेगा या ऐसी भूमि पर कोई भी विल्लंगम सृजित नहीं करेगा।

अधिनियम की धारा 15 (1) के अधीन यथा उपबंधित इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 60 (दिनों के भीतर किसी इच्छुक व्यक्ति द्वारा भूमि अर्जन के बारे में कलेक्टर के समक्ष) (कक्ष क्रं. 84 भू अर्जन शाखा, नरसिंहपुर) में आक्षेप यदि कोई हो फाईल किए जा सकेंगे।


भूमि से संबंधित रेखांकन भू अर्जन कार्यालय जिला नरसिंहपुर में किसी भी कार्य दिवस को कार्य समय के दौरान देखा जा सकता है।

**अंजली शाह**
**भू- अर्जन अधिकारी नरसिंहपुर**

जी-18697/23

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

**मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार**
**( ऋजु बाफना )**
**कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव**
**मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग, जिला नरसिंहपुर ( म.प्र. )**


G20
मध्यप्रदेश शासन
आज़ादी का अमृत महोत्सव
चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला
विश्व का पहला देश बने हम
'चंद्रयान-3' की सफलता पर देशवासियों को
हार्दिक बधाई
सक्षम, संकल्पित और प्रेरक नेतृत्व से
भारत का झंडा चंद्रमा पर लहराने की
इस स्वर्णिम उपलब्धि के लिये
प्रधानमंत्री जी
का हृदय से
आभार
इसरो टीम की बुद्धिमत्ता,
उनके वर्षों के अथक परिश्रम से मिली
इस सफलता के लिये
हार्दिक अभिनंदन
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-11088/23

## शिव साक्षात मोक्ष का द्वार हैं : ब्र. चैतन्यानंद



**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में श्रावण मास में आयोजित श्री शिव महापुराण एवं असंख्य रुद्री निर्माण में बुधवार को पार्थिव शिवलिंग का निर्माण किया गया। उनका दुग्ध अभिषेक, दिव्य श्रृंगार एवं आरती हुई। बुधवार की कथा में पूज्य ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद महाराज ने बताया कि महादेव की महिमा अपरंपार है। उनके भेद कोई जान नहीं पाया और उनका गुणगान अनेक पौराणिक शास्त्रों में किया गया है।

धर्मशास्त्रों में भोलेनाथ को देवताओं में सर्वश्रेष्ठ और शीघ्र प्रसन्न होने वाला बताया है। भोलेनाथ भक्तों की थोड़ी से आराधना से प्रसन्न हो जाते हैं, उनको मनचाहा वरदान देते हैं। इसलिए बुराइयों का नाश करने वाले देवता भोलेनाथ को देव, दानव, यक्ष, किन्नर, मानव आदि पूरे भक्तिभाव से पूजते हैं। उनकी भक्ति से व्यक्ति को मोक्ष की प्राप्ति होती है। शिवमहापुराण की कथा में भारत सिंह यादव, अवस्थी, दिव्या ऋषि सिरोठिया, मोहित दीप्ति मिश्रा, गोविंद साहू, मनोज सेन आदि भक्तगण उपस्थित रहे।

## हमारा अज्ञान ही हमारे दुखों का कारण है



**जबलपुर, देशबन्धु।** कोई व्यक्ति अयोग्य नहीं। अच्छाइयां-बुराइयां सबके भीतर है। हमें दुर्बलताओं, कठिनाइयों से घबराना नहीं है। उन कठिनाइयों को दूर करने की जो प्रेरणा, जो शक्ति, जो सामर्थ्य है वह अध्यात्म के आलोक से, स्वर्वेद के स्वर से एक साधक को अवश्य ही प्राप्त होता है। क्योंकि हमारे भीतर अंतरात्मा रूप से परमात्मा ही तो स्थित है।

उक्त उद्गार स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक सुपूज्य संत प्रवर श्री विज्ञान देव महाराज ने संकल्प यात्रा के क्रम में जबलपुर के रेलवे सीनियर इंस्टिट्यूट हॉल में आयोजित जय स्वर्वेद कथा एवं ध्यान साधना सत्र में उपस्थित श्रद्धालुओं के मध्य व्यक्त किये। सन्त प्रवर श्री ने कहा कि हमारे विचार ही हमें सुखी और दुखी बनाते हैं। विचारों से ही हम सुख और दु:ख का अनुभव करते हैं। और यह प्रवाह चल रहा है, जैसे हमारा मन बहा जा रहा है। महाराज ने दिव्यवाणी के दौरान बताया कि जीवन और सत्य कोई दो वस्तु नहीं, जीवन कहें या सत्य कहें। जीवन में जो सबसे महत्वपूर्ण है वह कुछ अन्य नहीं, जीवन की वास्तविकता ही है। क्योंकि जीवन का आधार परमात्मा है। संत प्रवर विज्ञान देव महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को विहंगम योग के क्रियात्मक योग साधना को सिखाया। कहा कि यह साधना खुद से खुद की दूरी मिटाने के लिए हैं।

## गुरमत विचार समागम सम्पन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** सिक्खों के सुधारवादी संगठन के रूप में सिंघ सभा की स्थापना 1873 को अमृतसर में हुई। जो विभिन्न धर्मो के धर्म परिवर्तक कार्यवाहियों के विरुद्ध एक प्रतिक्रिया के रूप में आरम्भ हुई मुख्य धारा के सिक्ख बड़ी तेजी से अन्य धर्मों में परिवर्तित हो रहे थे।

आंदोलन का मुख्य उद्देश्य था सच्चो सिक्ख धर्म का प्रचार प्रसार कर प्राचीन गौरव को पुन: प्राप्त करना। धार्मिक व ऐतिहासिक साहित्यों के माध्यम से गुरमुखी का प्रचार करना, पंथिक सुधार कर लोगों की पुन: घर वापसी कराना। उक्त विचार तख्त श्री दमदमा साहिब के पूर्व जत्थेदार सिंघ साहिब ज्ञानी केवल सिंघ ने संगत के समक्ष व्यक्त किये। सिंघ सभा लहर के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर गुरूद्वारा प्रेमनगर में समागम का आयोजन किया गया। इस मौके पर डॉ. श्याम सिंघ, डॉ खुशहाल सिंघ, कर्नल जगतार सिंघ मुलतानी ने भी विचार रखे।

ढाडी जत्था भाई बलबीर सिंघ भटटल ने गुरबाणी प्रस्तुत की। आयोजक कमेटी द्वारा समस्त संगत की तरफ से प्रचारकों व अतिथियों का सिरोपा भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने तमाम सिंघ सभाओं पर साध संगत का खासा योगदान रहा। समापन पर गुरू का अटूट लंगर का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष स. मनजीत सिंघ ननड़ा, सुरिन्दर सिंघ होरा व कमेटी के तमाम पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मंच पर छाई विभिन्न प्रांत की कला व संस्कृति




**जबलपुर, देशबन्धु।** विभिन्न प्रांत की कला और संस्कृति के दर्शन एनसीसी कैडेट्स ने मंच पर करवाए। इस दौरान जहां लोकनृत्य ने भारतीय संस्कृति का बखान किया, वहीं देशभक्ति के रंग भी नजर आए। सदैव अनुशासन में रहने वाले एनसीसी कैडेट्स ने हुनर के ऐसे ही रंग दिखाए। 2एमपी नेवल यूनिट एनसीसी के दस दिवसीय कैम्प का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ। कैम्प में जबलपुर के साथ भोपाल, ग्वालियर, रायपुर से कैडेट्स शामिल हुए थे।

**योग्यता के लिए पुरस्कार-** कैम्प के अंतिम दिन कैडेट्स ने खमरिया एलपीआर की विजिट की। समारोह के दौरान योग्य एवं अनुशासित कैडेट्स को ट्रॉफी और मेडल्स प्रदान किए गए। इस मौके पर मुख्य अतिथि एमपी सीजी के डायरेक्टोरेट एडीजी मेजर जनरल, एके महाजन, जबलपुर ग्रुप के ग्रुप ब्रिगेडियर नवदीप दाहिया, कर्नल विक्रांत त्यागी, कमाण्डर विश्नोई, कैप्टन शिव शंकर सिंह, ले. कमाण्डर नीरज यादव, ले. कमाण्डर श्रीकांत, ले. अजय नंदाल मौजूद थे।

## शाला में स्वास्थ्य परीक्षण सम्पन्न

### स्वस्थ भारत स्वस्थ प्रदेश के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण आयोजित



**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संगठन के जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह ठाकुर बताया कि म.प्र.जन अभियान के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में चल रहे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण के अंतर्गत शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला, घाना (घुंसौर) जबलपुर एवं आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2, घाना (घुंसौर) में स्वास्थ्य परीक्षण आयोजित किया गया।

जिसमें विद्यालय के प्रभारी मनीष शुक्ला, कुंती भलावी, तुलसा पटेल, दिलीप सिंह ठाकुर, माधव पाण्डेय, राजेश्वरी दुबे, सरोज कोल, गीता कोल, दीपिका चौबे, आगनबाड़ी कार्यकर्ता सुनीता श्रीवास्तव, आंगनबाड़ी सहायिका माया बाई बर्मन एवं शाला के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।



## हरे परिधानों में तीज उत्सव

**जबलपुर, देशबन्धु।** ग्रीन थीम पर साहू फेमिली क्लब का तीज उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में सावन के फिल्मीं गीतों पर प्रस्तुति दी गई। इसमें एकल और कपल परफॉर्मेंस खास रहीं। डिफरेंट कॉम्पीटिशन में विनर्स को प्राइज बांटे गए। बेस्ट ड्रेस के लिए प्रीति- जीपी, शिल्पा-प्रदीप को मोमेंटो दिया गया। गायन में फर्स्ट साधना- इन्द्र कुमार, सैकंड ऋतु-आशीष, थर्ड सुषमा-आरपी साहू रहीं। रीना-सुनील को बेस्ट कपल चुना गया। इस मौके पर डॉ. निशा-सीपी साहू, विमला- राकेश साहू मौजूद थे।

## मदर टेरेसा विधि महाविद्यालय में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन




**जबलपुर, देशबन्धु।** मदर टेरेसा विधि महाविद्यालय में ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्य नंद वंदन कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग ज्योति जूड़ा मैम एवं महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉक्टर राम प्रकाश चौबे ने विद्या की अधिष्ठात्री मां सरस्वती एवं संस्था के संस्थापक परम स्व. राजू वर्मा की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण किया।

मैम ने अपने उद्बोधन मे छात्र-छात्राओं को अध्ययन के लिये प्रोत्साहित किया। मैम ने यह भी बताया कि विधि किस तरह समाज के दर्पण की भूमिका अदा करती है। महाविद्यालय के उप प्राचार्य डॉ. राम प्रकाश चौबे ने विधि संस्कृति और विज्ञान के अंतर संबंध के संबंध में बताया विधि का जीवन में क्या मूल्य है। इस संबंध में भी प्रकाश डाला।

छात्र-छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक मोनिका गुप्ता ने किया कसहायक प्राध्यापक पूर्णजीत गुप्ता के द्वारा छात्र-छात्राओं को जिंदगी की, कविता और मुंशी प्रेमचंद के उपन्यास कर्मभूमि के बारे में बताया। कार्यक्रम में संस्था के सभी सहायक प्राध्यापक उपस्थित रहे। सभी ने छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना की।

## आंखों का नि: शुल्क आयुर्वेदिक ड्रॉप बांटा गया



**जबलपुर, देशबन्धु।** खुन्नेलाल एंड कंपनी आयुर्वेदिक दवाई की दुकान बड़े फुहारा में जमुना प्रसाद अग्रवाल एडवोकेट के द्वारा जो आंखों की बीमारी आई है उसके निशुल्क आयुर्वेदिक दवा जरूरतमंदों को वितरित की गई। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष अग्रवाल ने कहा मानव सेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं समय-समय पर ट्रस्ट मानव सेवा के कार्यों में संलग्न है। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल ने बताया 24 अगस्त गुरुवार शाम 5 बजे आंखों का आयुर्वेदिक ड्रॉप निशुल्क वितरित किया जाएगा।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 24 अगस्त 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। श्रावण शुक्ल पक्ष की सप्तमीं। नक्षत्र-विशाखा।**

**मेष**
आज आपको सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में प्रसिद्धि मिलेगी। परिवार एवं दांपत्यजीवन में सुख- संतोष का अनुभव होगा। रोमांस के चरम पर रहेंगे।

**वृषभ**
आज आपको वाणी और व्यवहार पर संयम रखने की जरूरत है। किसी की मजाक-मसखरी से परहेज करें। गलतफहमी हो सकती है। मौज-शौक तथा मनोरंजन के पीछे खर्च होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मिथुन**
आज का दिन शुभ फलदायी और लाभकारी है। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। पत्नी के पीछे खर्च होगा। अविवाहित लोगों का रिश्ता पक्का हो सकता है। व्यापार एवं नौकरी में आय बढ़ेगी।

**क. 135-679**

**कर्क**
व्यवसाय के क्षेत्र में धन, मान तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार के लिए भागदौड़ और वसूली हेतु प्रवास से लाभ होने की संभावना रहेगी। अधिकारियों के खुश होने से पदोन्नति के योग बनेंगे।

**सिंह**
आज के दिन आप शरीर में ताजगी और चित्त की प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। दोस्तों के साथ अधिक घनिष्ठता अनुभव करेंगे। मित्रों एवं स्वजनों के साथ पर्यटन का आयोजन होगा। आर्थिक लाभ होगा।

**कन्या**
परिवार में सुख-शांति और परिजनों के साथ आनंद आज के दिन को खुशहाल बनाएंगे। आज आपकी मधुरवाणी का जादू अन्य लोगों को प्रभावित करेगा। कहीं घूमने जाने की संभावना है। मिष्टान्न के साथ मनपसंद भोजन मिलेगा।

**तुला**
आज आपकी रचनात्मक शक्तियां प्रकट होंगी। रचनात्मक कामों में आपकी रुचि रहेगी। अलंकार, वस्त्र, मौज-शौक के साधन तथा मनोरंजन के पीछे आज पैसे खर्च करेंगे।

**वृश्चिक**
आज के दिन मौज-शौक और मनोरंजन के पीछे खर्च होगा। स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी। मन की चिंता की भावना रहेगी। दुर्घटना से बचें। परिजनों और सगे-संबंधियों के साथ गलतफहमी या अनबन होगा।

**धनु**
आर्थिक लाभ और सामाजिक प्रतिष्ठा मिलने के साथ आप पारिवारिक जीवन में भी सुख-संतोष की भावना का अनुभव करेंगे। आय में वृद्धि और व्यापार में लाभ होगा। मनपसंद व्यक्ति के साथ सुखद क्षण गुजरेगा।

**मकर**
के क्षेत्र में धन, मान तथा प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार के लिए भागदौड़ और वसूली हेतु प्रवास से लाभ होने की संभावना रहेगी। अधिकारियों के खुश होने से पदोन्नति के योग बनेंगे।

**कुंभ**
शारीरिक से रूप से अस्वस्थ रहने पर भी मानसिक स्वस्थता बनाए रखें। आज काम करने का उत्साह कम रहेगा। नौकरी में अधिकारियों से संभलकर रहें।

**मीन**
आज अनैतिक कामों से दूर रहें। क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। स्वास्थ्य के प्रति सावधानी बरतें। नियम विरोधी कामों से दूर रहें। इलाज के पीछे धन खर्च होने की संभावना है। मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। **मा. 338-126**

4,5,7,9,43,57,78,91,33,28,61

## मधुरम चैरिटेबल ट्रस्ट ने 150 से अधिक लोगों को ऑटोबॉक कंपनी के कृत्रिम पैर लगाए



**जबलपुर, देशबन्धु।** मधुरम चैरिटेबल ट्रस्ट सामाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य के साथ काम करने वाली एक सामाजिक संस्था है, जो समाज के वंचित, शारीरिक एवं मानसिक रूप से विकलांग लोगों की सेवा के लिए समर्पित है। इस संस्था की स्थापक श्रद्धा मालपानी है। जिन्होंने वर्ष 2019 में इस संस्था की नींव रखी एक सफल बिजनेस वुमन होने के साथ-साथ श्रद्धा मालपानी वंचित लोगों के कल्याण के लिए भी अविरत रूप से कार्यरत है।

उन्होंने मधुरम चैरिटेबल ट्रस्ट की पहल स्टेपथॉन के तहत दिव्यांगजनों के लिए एक खास अभियान शुरु किया है। जिसमें पैर विहीन लोगों को कृत्रिम पैर देकर वे ऐसे लोगों को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। आज तक मधुरम चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गुजरात में तकरीबन 150 से अधिक लोगों को ऑटोबॉक कंपनी के कृत्रिम पैर लगाए गए हैं और 800 से भी अधिक बच्चों की सहायता की गई है। अब गुजरात के बाहर भी जरूरतमंद लोगों की सहायता करने के उद्देश्य से वे जबलपुर, मध्यप्रदेश में भी 4 दिव्यांग जनों को ऑटोबॉक कंपनी के कृत्रिम पैर लगाने जा रहे हैं। इस तरह, मधुरम समाज के वंचित लोगों को उनका सम्मान और उनकी आत्मनिर्भरता वापस दिलाने की दिशा में काम कर रहा है ताकि वे भी आत्मसम्मान के साथ जी सके।

## पूर्व मंत्री एवं विधायक भनोत निवास पर दो दिवसीय वृहद धार्मिक अनुष्ठान

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार में पूर्व वित्त मंत्री एवं जबलपुर पश्चिम से विधायक तरुण भनोत के अनुज और प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव गौरव भनोत के द्वारा पूर्वजों और पूज्य संतो के आशीर्वाद से चार धाम सहित 12 ज्योतिर्लिंगों के दर्शन उपरांत गोरखपुर स्थित निवास पर आज 24 एवं 25 अगस्त को पूज्य संत पं. तरुण चौबे महाराज के सानिध्य में पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूज्य संतो का पूजन एवं भंडारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। विधायक कार्यालय से जारी विज्ञप्ति के अनुसार बताया गया है कि 24 अगस्त को प्रात: 8 बजे से विधिवत पूजन उपरांत पार्थिव शिवलिंग निर्माण प्रारंभ होगा और उक्त वृहद धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में लोगों को शामिल होने की अपील की गई है।

## अ.भा.तुलसी अलंकरण-सम्मान महोत्सव 27 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** विप्रकुल परिषद एवं तुलसी मानस प्रचार समिति के संयुक्त तत्वावधान में अ.भा. तुलसी महोत्सव का आयोजन 27 अगस्त 2023 को शाम 6 बजे से समन्वय सेवा केन्द्र आदि शंकराचार्य चौक, छोटी लाइन फाटक में किया गया है।

अध्यक्ष आचार्य भगवत दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.राजकुमार सुमित्र एवं महासचिव राजेश पाठक प्रवीण ने बताया कि संस्था के संरक्षक महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि के सानिध्य में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.कैलाश गुप्ता होंगे। समारोह के अध्यक्ष वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जितेन्द्र जामदार एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी जयश्री मिश्रा होंगी।

**अलंकरण सम्मान-** समारोह में स्वामी अव्यक बोध सम्मान से स्वामी प्रकाशानंद महाराज, महर्षि जाबालि सम्मान से अशोक मनोध्या,मानस रत्न सम्मान से ब्रजेश शास्त्री चित्रकूट, मानस सेवा सम्मान से अनिल तिवारी एवं दिनेश मिश्रा, शिक्षा रत्न सम्मान से प्रो. एच.बी. पालन एवं प्रेमदास बैरागी, समाज सेवा सम्मान से संतोष शुक्ल, कलारत्न सम्मान से प्रमोद कुशवाहा को सम्मानित किया जायेगा। साथ ही संस्कारधानी गौरव सम्मान से सुरेन्द्र सिंह, अभिमन्यु जैन, दीदी कृष्ण निशा तिवारी, देवेन्द्र पाण्डेय, प्रभात दुबे, रवि सोनी, पंकज अवस्थी, डॉ. कामना कौस्तुभ तथा विद्या रत्न सम्मान से कु.नंदनी रैकवार एवं कु. प्राची ठाकुर सम्मानित होगी।

## रक्षाबंधन त्यौहार के पहले वेतन भुगतान करने की मांग

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतअध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि इस माह 30 अगस्त को भाई बहनों का राष्ट्रीय त्यौहार रक्षाबंधन है। अत: रक्षाबंधन को ध्यान में रखते हुए शासन को प्रदेश के सभी विभागों के कर्मचारियों को रक्षाबंधन के पूर्व इस माह का मासिक वेतन का भुगतान कर दिया जाना चाहिए। जिससे कर्मचारी इस राष्ट्रीय त्यौहार को खुशनुमा माहौल में मना सके।

संघ ने आगे बताया कि इस महंगाई के दौर में यदि रक्षाबंधन राष्ट्रीय त्यौहार के पहले मासिक वेतन नहीं हो पता है तो मजबूरन कर्मचारियों को कर्ज लेकर त्यौहार मनाना पड़ेगा। क्योंकि कर्मचारियों में जहां तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी पूरी तरह से वेतन पर निर्भर रहते हैं, यदि त्यौहार से पूर्व वेतन नहीं हुआ तो इन कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा और इनका त्यौहार फीका रहेगा। वही अल्प वेतन भोगी कर्मचारी और आउटसोर्स कर्मचारी को भी त्यौहार से पहले वेतन नहीं मिलने पर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। अत: कर्मचारियों को रक्षाबंधन त्यौहार से पहले वेतन दिया जाना चाहिए। संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, राकेश श्रीवास, दिनेश गौड़, क्रिस्टोफर नरोना, हेमंत ठाकरे, धनराज पिल्ले, एनोस विक्टर, रऊफ खान, उमेश सिंह ठाकुर, गुडविन चार्ल्स, सुनील झारिया, ओमप्रकाश झरिया, राजेश सहरिया, गोपी शाह, राम कुमार कटिया, सुधीर अवधिया, आसाराम झरिया, मनीष मिश्रा, राजकुमार यादव, फिलिप एंथोनी, विनोद सिंह, सुधीर अवदिया, राजेंद्र सिंह, संतोष चौरसिया, आदि ने शासन से मांग की है कि प्रदेश के कर्मचारियों को रक्षाबंधन से पहले इस माह का वेतन दिया जाए।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**



**श्री विवेकानंद झा-** नेशनल कॉलोनी रामपुर निवासी श्री विवेकानंद झा (76) का निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज सुबह 10 बजे ग्वारीघाट मुक्तिधाम के लिये रवाना होगी।

**श्री अरविंद कुमार शर्मा-** शक्ति नगर शिवाजी चौक निवासी श्री अरविंद कुमार शर्मा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम गोपाल प्रजापति-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री राम गोपाल प्रजापति (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लक्ष्मण सिंह-** नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज के पास निवासी श्री लक्ष्मण सिंह (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राजकिशोरी शर्मा-** जय प्रकाश नगर अधारताल निवासी श्री रामेश्वर शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती राजकिशोरी शर्मा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती दुर्गा बाई सोनगर-** बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री राजकुमार सोनगर की धर्मपत्नी श्रीमती दुर्गा बाई सोनगर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पुष्पा नामदेव-** राजीव नगर चेरीताल निवासी श्री राम किशन नामदेव की धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा नामदेव (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती चंदा अहिरवार-** छिवला ग्वारीघाट निवासी श्री झलकन अहिरवार की धर्मपत्नी श्रीमती चंदा अहिरवार का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती नीता भुमरकर-** हरिवंश कॉलोनी पिपरिया खमरिया निवासी श्रीमती नीता भुमरकर (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राम गोपाल वर्मा-** सिविल लाइन निवासी श्री राम गोपाल वर्मा (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई राव-** कटनी भट्टा मोहल्ला निवासी श्री ईश्वर दीन राव की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई राव (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

# शहर में नहीं थम रही अवैध शराब की तस्करी, पुलिस रोज पकड़ रही तस्कर

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में ऐसा कोई थाना क्षेत्र नहीं बचा है जिसमें पुलिस शराब तस्करों को न पकड़ रही हो, साथ ही उनसे कच्ची व अंग्रेजी शराब बरामद कर रही है। लेकिन इसके बावजूद भी ये शराब तस्कर पुलिस को ठेंगा दिखाकर बेखौफ शराब तस्करी में जुटे हैं।

इसी कड़ी में गौरीघाट पुलिस ने ग्राम भटौली में कालीघाट के पास बड़ी मात्रा में डिब्बे में भरकर कच्ची शराब लिये युवक को पकड़ा है। इस



संबंध में गौरीघाट थाना प्रभारी नेहरू खंण्डाते ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भटौली निवासी एक युवक ग्राम भटौली कालीघाट के रास्ते में इमली के पेड़ के नीचे डिब्बों मे अधिक मात्रा में कच्ची शराब बेचने के लिये खड़ा है। पुलिस ने सूचना पर तत्काल मौके पर दबिश दी। जहां युवक 2 डिब्बे रखे खड़ा था। जिसे पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने अपना छुद्दू बर्मन उम्र 35 वर्ष निवासी कालीधाम भटौली बताया। तलाशी लेने पर उसके पास रखे चारों डिब्बों में 60 लीटर कच्ची शराब मिली। पुलिस ने जिसे जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

# एक किलो से अधिक गांजा रखे तस्कर गिरफ्तार

## मुख्य आरोपी को खोजने में जुटी पुलिस

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी थाना क्षेत्र के फक्कड़ बाबा इलाके में एक युवक पुलिस ने गांजा बेचते पकड़ा है। जिसके पास से लगभग एक किलो से अधिक गांजा बरामद किया गया है।

इस संबंध में रांझी थाना प्रभारी नीलेश कुमार दोहरे ने बताया कि बीती रात सूचना मिली कि फक्कड़ बाबा पहाड़ी बड़ा पत्थर में इंद्रानगर निवासी अंशू मलिक नाम का लड़का अधिक मात्रा में गांजा बेचने के लिये खड़ा है। पुलिस ने तत्काल फक्कड़ बाबा पहाड़ी पर दबिश दी, जहां एक युवक अपने हाथ में थैला लिये खड़ा था। जिसे समय रहते पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में उसने नाम अंशू मलिक उम्र 20 वर्ष निवासी इंद्रानगर रांझी बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो वह थैले के अंदर एक पन्नी में गांजा रखा मिला, जो तौल करने पर 1 किलो 200 ग्राम पाया गया। गांजा के संबंध मे पूछताछ करने पर



करन यादव निवासी बगिया टोला सुभाषनगर झंडा चौक के कहने पर गांजा बेचना बताया। करन यादव ने ही उसे उक्त गांजा बेचने के लिये दिया था। पुलिस ने आरोपी अंशू मलिक के कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम गांजा जप्त करते हुये आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।



# संभाग की सभी विधानसभाओं में पहुंचेगी जनआशीर्वाद यात्रा

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र विधानसभा चुनाव के पूर्व भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी 2 सितम्बर से प्रदेश में एक साथ पांच स्थानों से जनआशीर्वाद यात्रा प्रारम्भ होगी जिसका केंद्रीय एवँ प्रदेश के नेता करेंगे। जबलपुर संभाग की जनआशीर्वाद यात्रा की प्रारंभिक रूपरेखा बनाने के लिये जबलपुर संभाग की बैठक जनआशीर्वाद यात्रा जबलपुर संभाग के संयोजक नर्मदापुरम सांसद राव उदयप्रताप सिंह की उपस्थिति में भाजपा कार्यालय रानीताल में आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए सांसद राव उदयप्रताप सिंह ने कहा मप्र में 20 साल और देश में 9 साल से हमारी सरकार है हमारी सरकारों ने जनकल्याण के लिए ही कार्य किया है और अब जब हम प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में उतर रहे है तो केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व ने तय किया की जनता का आशीर्वाद लेने पूरे प्रदेश में जनआशीर्वाद यात्रा निकाली जाए और आगामी 2 सितम्बर से प्रदेश के पांच स्थानों से यह यात्रा एक साथ प्रारम्भ होगी जिसका समापन 25 सितंबर को पं दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती पर भोपाल में होगा। उन्होंने बताया जबलपुर संभाग की यात्रा 2 से 5 सितंबर के बीच प्रारम्भ होगी जिसमे जबलपुर नगर, जबलपुर ग्रामीण, मंडला, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, डिंडोरी के साथ ही सागर और दमोह जिले को भी शामिल किया गया है। बैठक में प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, ग्रामीण अध्यक्ष रानू तिवारी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रशान्त तिवारी गोलू, यात्रा संभाग टोली सदस्य राजेश दाहिया, कमलेश अग्रवाल, राजमणि बघेल, मंडला जिलाध्यक्ष भीष्म सिंह राजपूत, नरसिंहपुर जिलाध्यक्ष आशुतोष मिश्रा, ज्योति डहेरिया के साथ जिलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।



# किशोर पटेल प्रमोटी अधिकारी एसोसिएशन के अध्यक्ष बने

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मुख्यालय में प्रमोटी अधिकारी एसोसिएशन के चुनाव सम्पन्न हुए इसमें किशोर पटेल को निर्विरोध अध्यक्ष पद के लिए चुना गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक (दो) एसके श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, देवेश सोनी, नितेश सोने, सुवीर श्रीवास्तव सहायक वाणिज्य प्रबंधक संजय शर्मा आदि खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## चंद्रयान-3 की सफलता शरद अग्रवाल ने बांटी मिठाइयां

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल ने आज चंद्रयान 3 की सफलतापूर्वक लैंडिंग होने पर अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को बधाई दीं एवं श्री अग्रवाल ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के



नेतृत्व में भारत को ऐतिहासिक सफलता मिली है।अपने कार्यालय पर मिठाइयां बांटी. भारत के लिये गौरवशाली दीं है।

# शा. मो.ह.गृह विज्ञान में एक दिवसीय वेबिनार सम्पन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** आधुनिक जीवन शैली के कारण मन तथा शरीर के संबंधों में सामंजस्य जैसे खो दिया है, जिसके परिणाम स्वरूप उच्च रक्तचाप, कोरोनीर हृदय रोग और कैंसर जैसी कई तनाव-आधारित बीमारियां हो रही है। इन बीमारियों को रोकने और उनका इलाज करने के प्रयास ने बेहतर जीवन शैली और बेहतर रणनीतियों की खोज की गति दी, जो कि योग जैसे प्राचीन विषयों की पनुर्खोज में परिवर्तित हो गए।

इसी उद्देश्य को पूर्ण करने के लिए शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय में आहार एवं पोषण विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में एवं मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रायोजित बुधवार को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार के संरक्षण में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का अयोजन किया गया। शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नंदिता सरकार ने किया।

कार्यक्रम की प्रथम वक्ता डॉ. धारिणी कृष्णन सीनियर डायटीशियन चेन्नई द्वारा क्रोनोन्यूट्रीशन एवं योग को आधुनिक जीवन




जीने का विज्ञान बताकर, योगा को आध्यात्मिक मानसिक एवं शारीरिक प्रथाओं का समूह बताकर उसके लाभ एवं योग और आहार के बीच सहसंबधं बताया। कार्यक्रम की द्वितीय वक्ता रिटायर्ड प्रोफेसर डॉ. रश्मि सक्सेना मेम्बर ऑफ इंडियन योगा सोसाइटी रही, उन्होंने आधुनिक जीवन में योगा के महत्व उसके प्रकार प्रमुख योगासन, सर्कादियन रिदम एवं इसकी मदद से शरीर आत्मा एवं मन के नियंत्रण को समझाया छात्राओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का निवारण किया गया। लगभग 210 छात्राऐं, फैकल्टी मेम्मर्स लाभान्वित हुए।

वेबिनार में अतिथियों का स्वागत विभागाध्यक्ष डॉ. स्मिता पाठक द्वारा एवं वक्ताओं का परिचय वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. विश्वशांति पराशर द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक विभा श्रीपाल एवं आभार अपूर्वा सोनी द्वारा दिया गया। गतिविधि में विभाग की महिमा बैरागी एवं अंजू कैनवार का सक्रिय सहयोग रहा।




# महाराष्ट्र की विधायक माधुरी मिसल ने पत्रकारवार्ता को किया संबोधित

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव की दृष्टिगत जबलपुर उत्तर विधानसभा पहुंची पुणे महाराष्ट्र की विधायक माधुरी मिसल ने भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में पत्रकारवार्ता को संबोधित किया।

श्रीमती मिसल ने कहा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर प्रदेश की 200 विधानसभा में महाराष्ट्र, बिहार और गुजरात प्रदेश से विधायक 7 दिनों के प्रवास पर आये हैं। इसी क्रम में मुझे जबलपुर उत्तर विधानसभा के प्रवास की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने बताया विगत 4 दिनों में मैंने उत्तर विधानसभा के चारो मंडलो में मंडल कार्यसमिति की बैठक में भाग लिया। मंडलो के प्रमुख नेताओ से भेंट की। इस दौरान मुझे समझ आया कि जबलपुर की उत्तर विधानसभा के मतदाता भाजपा के पूर्ण समर्थक है और विगत चुनावो के मतों को देखे तो समझ सकते है कि यहाँ भाजपा को लगातार वोट मिले है । पत्रकारवार्ता में नगर अध्यक्ष प्रभात साहू, पूर्व विधायक शरद जैन, विधानसभा संयोजक शंकर श्रीवास्तव, राजेश द्विवेदी, अमित जैन उपस्थित थे।

# कृविवि में देखा गया चन्द्रयान- 3 की लैंडिंग का सीधा प्रसारण

## भारत मां के जयकारे के साथ गूंज उठा सभागार



**जबलपुर, देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की उपस्थिति में एवं कृषि महाविद्यालय जबलपुर के अधिष्ठाता डॉ. पी.बी. शर्मा के निर्देशन में, स्वामी विवेकानंद सभागार में अति उत्कृष्ट देश की ऐतिहासिक एवं वैज्ञानिकों की मेहनत का परचम विश्व में प्रदर्शित करने के पल चन्द्रयान-3 की लैंडिंग के सीधे प्रसारण का आयोजन किया गया। इसरो द्वारा इस चन्द्रयान-3 के सम्पूर्ण मिशन को सफलता मिले, इसके लिये जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिवार द्वारा प्रार्थना की गई, साथ ही इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने के लिये इसका सीधा प्रसारण कराया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा सहित अधिकारियों, सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, प्राध्यापक सहित छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में चन्द्रयान-3 की लैंडिंग का लाइव प्रसारण देखा गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस. के. पांडे, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. आर. एस. शुक्ला. अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल एवं विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, वैज्ञानिक, छात्रावास अधीक्षक के साथ ही बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही ।

# सट्टा लिखते 2 सटोरिये पकड़े गये

**जबलपुर, देशबन्धु।** ग्रामीण इलाकों में सट्टे के अवैध व्यापार ने पैर पसार लिये हैं। जिसमें गांव के सीधे लोग फंसकर अपना सबकुछ गवां रहे हैं। इसी तारतम्य में कुण्डम थाना अंतर्गत दुर्गा मंदिर के पास पुलिस ने एक सटोरिये को सट्टा लिखते पकड़ा है। कुण्डम थाना प्रभारी अनूप कुमार नामदेव ने बताया कि सूचना मिली कि दुर्गा मंदिर के पास एक युवक सट्टा खिला रहा है। सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाने की संयुक्त टीम ने मौके पर दबिश दी। जहां एक युवक सट्टा पट्टी लिखते दिखा। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम भूरा झारिया उर्फ संदीप उम्र 31 वर्ष निवासी संतोषी माता मंदिर के पास बताया। जिसके कब्जे से सट्टा पट्टी एवं 1 हजार 310 रूपये एवं रियलमी कम्पनी का मोबाइल बरामद किया गया है।

इसी प्रकार बस स्टेण्ड मुर्गी दुकान के पास सट्टा पट्टी लिखते हुये आरोपी रिंकू उर्फ आशीष साहू उम्र 20 वर्ष निवासी राम मंदिर के पास कुण्डम के पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से सटटा पट्टी एवं 1 हजार 250 रूपये तथा रियलमी कम्पनी का मोबाइल कीमती लगभग 9 हजार रूपये का जप्त किया गया।

# डॉ. ए.के. राय जनेकृविवि के मुख्य कार्यपालन यंत्री नियुक्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की अनुशंसा पर डॉ. ए.के. राय, प्राध्यापक को मुख्य कार्यपालन यंत्री का कार्यभार सौंपा गया है। दरअसल डॉ. ए.के. राय, प्राध्यपक पूर्व में भी विश्वविद्यालय के निर्माण विभाग में विद्युत प्रभारी रहे हैं। आपके कार्यकाल में अतिविशेष 33 के.व्ही सब-स्टेशन की



स्थापना की गई। आपके नेतृत्व में 700 के. व्ही. का सोलर पॉवर प्लांट भी लगाया गया है, जिससे विश्वविद्यालय को काफी रियायती दर पर (2 रूपये प्रति यूनिट) बिजली भी मिल रही है। डॉ. ए.के. राय ने टीचिंग रिसर्च एवं एक्सटेंशन में उल्लेखनीय कार्य किया है। आपके नाम पर विश्वविद्यालय का पहला पेटेंट है। डॉ. राय राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के सीओ-पीआई भी हैं। आपने मुख्य कार्यपालन यंत्री का प्रभार ग्रहण कर लिया है। डॉ. ए.के. राय, प्राध्यापक के मुख्य कार्यपालन यंत्री बनने पर विश्वविद्यालय के समस्त विभागों के विभागाध्यक्ष सहित अन्य ने बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की हैं।



# चंद्रयान 03 की सफलता पर भाजपा कार्यालय में मनाया जश्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** चंद्रयान 03 के चांद पर सफल लैंडिंग पर भाजपा कार्यालय रानीताल में कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष प्रभात साहू के नेतृत्व में जश्न मनाया। भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने इस अवसर पर कहा आज का दिन भारत के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा क्योंकि अब भारत ने चाँद पर पहुँचकर पूरी दुनिया पर अपना ढंका बजा दिया है। उन्होंने कहा देश के वैज्ञानिकों ने चाँद पर भारत पर सफल लैंडिंग कर देश को बड़ी उपलब्धि दी है। कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय में तिरंगा लहराते हुए भारत माता की जय वन्दे मातरम के उद्घोष करते हुए खुशी व्यक्त की।

इस अवसर पर विधायक माधुरी मिसल, शरद जैन, कमलेश अग्रवाल, विनय अमलाथे, रंजीत पटेल, श्रीकान्त साहू, अशोक सिंघई, चक्रेश नायक, राहुल जैन, जितेंद्र चांदोरकर, जयराम तिवारी, आयुष चौबे, आशु गुप्ता के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

## बस ने मारी स्कूटी में टक्कर, चालक घायल

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी थाना में रामशरण केवट निवासी शारदा नगर रांझी ने रिपोर्ट दर्ज कराई की वह प्रायवेट काम करता है। बुधवार को सुबह लगभग 9 बजे उसकी बच्ची अंजली केवट जो कि एक्टिवा क्रमांक एम पी 20 एसवाय 2406 से मानस भवन के पास प्रायवेट जॉब करने जा रही थी, कि सतपुला की तरफ से मेट्रो बस क्रमांक एमपी 20 पी ए 0753 के चालक ने तेज एंव लापरवाही पूर्वक मेट्रो बस चलाकर मेरी बच्ची अंजली केवट का लक्ष्मी मंदिर के सामने मेन रोड़ गोकलपुर में एक्सीडेन्ट कर दिया। पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

# पुलिस सेवा के लिये अयोग्य ठहराने का आदेश निरस्त

## हाईकोर्ट ने पुनर्विचार के दिये निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने पुलिस सेवा के लिये अयोग्य ठहराये जाने संबंधी आदेश को निरस्त कर दिया है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने मामले में पुनर्विचार किये जाने के निर्देश दिये है।

यह मामला प्रेमपाल सिंह की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया कि उसने अपनी योग्यता के आधार पर पुलिस आरक्षक के पद पर नियुक्ति हासिल की थी। इसके बावजूद छानबीन समिति गठित कर उसे पुलिस सेवा के अयोग्य करार देते हुए बर्खास्त कर दिया गया। जिसका कारण यह बताया गया कि पुलिस आरक्षक की भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उसने अपनी ट्रेनिंग रीवा स्कूल से की थी, जबकि उसे जबलपुर यूनिट आवंटित की गई थी। इतना ही नहीं उसके विरुद्ध पूर्व में एक प्रकरण दर्ज हुआ था, जिसमें वह दोषमुक्त हो गया था, जिसकी जानकारी दी गई थी। इसके बावजूद छानबीन समिति ने पुलिस सेवा के अयोग्य मान लिया, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक नाबालिग को भगा ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी सुमित समुन्द्रें को अदालत ने दोषी करार दिया है। पाक्सो की विशेष अदालत ने सुमित को 20 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर तीन हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 6 अक्टूबर 2022 की शाम पीड़िता घर के पास से गायब हो गई थी। जिसकी माँ की शिकायत पर अधारताल पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी। पुलिस ने जांच दौरान 13 अक्टूबर को पीड़िता को दस्तयाब किया। जिसने अपने बयान में बताया कि आरोपी सुमित समुन्द्रें उसे अपने साथ मैहर ले गया। जहां पर वह चार दिन रहे और सुमित ने उसके साथ गलत काम किया। पुलिस ने उक्त मामले में दुराचार व पाक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान




पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किये गये साक्ष्यों व गवाहों को मद्देनजर अदालत ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से एडीपीओं मनीषा दुबे ने पक्ष रखा।

## ब्राउन शुगर बेचने वाले को छः माह की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** जेएमएफसी कोर्ट ने ब्राउन शुगर बेचने के आरोपी प्रकाश चक्रवती को छः माह की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर पांच सौ रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि गढ़ा पुलिस ने 1 अप्रैल 2013 को कुम्हार मोहल्ला में दबिश दी थी। जहां से पुलिस ने आरोपी प्रकाश चक्रवती को हिरासत में लिया था। जिसके पास से चार ग्राम ब्राउन शुगर जप्त हुई थी। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए अदालत के समक्ष चालान पेश किया। जिसके बाद न्यायालय ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में एडीपीओं अरुणप्रभा भारद्धाज ने पक्ष रखा।

## कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने का आदेश निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने आरसीसी पोल ठेका प्रकरण में जबलपुर इंडस्ट्रीज ठेका कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने का आदेश निरस्त कर दिया है। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने उक्त आदेश किये। मामले की सुनवाई दौरान जबलपुर इंडस्ट्रीज ठेका कंपनी की ओर से कहा गया कि वन विभाग पन्ना ने छः हजार आरसीसी पोल का ठेका दिया था। निविदा प्रक्रिया में भाग लेकर ठेका हासिल करने वाली जबलपुर इंडस्ट्रीज ने 3200 पोल सप्लाई किये। इसी के साथ आंशिक भुगतान का निवेदन किया। साथ ही शेष सप्लाई कुछ समय पश्चात् करने की बात कही, लेकिन डिवीजनल फारेस्ट आफीस पन्ना ने मांग पूरी करना तो दूर ठेका कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने का आदेश जारी कर दिया। यह प्रक्रिया नैसर्गिक न्याय सिद्धांत के खिलाफ है। जबकि अनुबंध में स्पष्ट उल्लेख था कि आरसीसी पोल सप्लाई में देर होने पर पांच प्रतिशत का जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा। लेकिन विभाग ने ऐसा न करते हुए ब्लैक लिस्टेड करने व भुगतान रोकने की मनमानी कार्रवाई की। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## पार्टी कार्यालय के आवास आवंटन पर ले उचित निर्णय

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाईकोर्ट के जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने भोपाल की जयलोक पाटी के कार्यालय संचालन के आवास आवंटन पर उचित निर्णय लेने के निर्देश सरकार को दिये है। एकलपीठ ने इसके लिये 60 दिन की समय सीमा निर्धारित की है। इसके साथ ही न्यायालय ने कहा कि यदि याचिकाकर्ता राजनीतिक पार्टी, पात्रता नहीं रखती तो उसके विशिष्ट कारण का उल्लेख करे। उक्त मत के साथ न्यायालय ने मामले का पटाक्षेप कर दिया।

यह मामला भोपाल की जयलोक पार्टी के अध्यक्ष बृजेश गुप्ता की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया कि जयलोक एक रजिस्टर्ड राजनीतिक दल है। भोपाल स्थित शासकीय आवास आवंटन नियम 2000 के नियम 10 में स्पष्ट प्रावधान है कि राजनीतिक दल को कार्यालय संचालन के लिए भोपाल में आवास आवंटन किया जाएगा। याचिकाकर्ता ने आवास आवंटन की मांग करते हुए विभाग को आवेदन दिया था। विभाग ने 13 फरवरी 2018 को आवेदन निरस्त कर दिया और कहा कि पार्टी इसके लिए पात्र नहीं है, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई। न्यायालय ने मामले का पटाक्षेप करते हुए उक्त निर्देश दिये।



# सिहोरा ने भाजपा को लगातार दिया, भाजपा ने सिहोरा को क्या दिया

## लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति की भूख हड़ताल जारी

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा ने 20 सालों से लगातार भाजपा को एक विधायक दिया, मुख्यमंत्री के बनने में एक सीट का महत्वपूर्ण योगदान दिया और प्रधानमंत्री को बनने में भी संसदीय क्षेत्र जबलपुर में भारी संख्या में मत देकर एक सीट का योगदान दिया पर बदले में भाजपा ने सिहोरा के लिए क्या किया? सिहोरावासी जानना चाहते हैं कि आखिर ऐसे कौन से कारण थे जिसके कारण जिला बनने के बाद भी जिले की अंतिम अधिसूचना को 20 वर्ष से अधिक समय हो जाने के बाद भी रोका गया है ।

**जारी किए आंकड़े**- धरना स्थल पर भूख हड़ताल पर बैठे आंदोलनकारी ने एक चार्ट जारी किया जिसमें उन्होंने बताया कि लगातार 2003 से 2018 तक चार बार विधायक दिए गए और इन चारों बार बनी भाजपा की सरकार में मुख्यमंत्री के पद के लिए सिहोरा का सीधा योगदान रहा। इसी प्रकार 2004, 2009, 2014 और 2019 में चार भाजपा सांसद देने में सिहोरा का शत प्रतिशत योगदान रहा। इसी प्रकार नगर पालिका पार्षदों और नगर पालिका अध्यक्ष के चुनाव के आंकड़ों को जारी करते हुए भी आंदोलन कारियो ने यह बताने का प्रयास किया कि जनता ने बार-बार के भाजपा को सत्ता देने में कोई कसर नहीं छोड़ी लेकिन भाजपा ने सिहोरा के समर्पण को कभी भी महत्व देने की बजाय उसे गर्त में ढकेल दिया है। भूख हड़ताल पर बैठे वेद प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि जब 2004 में एक बार मध्य प्रदेश की आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए किसी भी नए जिले के गठन को बनाना रोका गया था तो बाद में बने 9 जिलो में सिहोरा शामिल क्यों नही रहा।

**25 को बड़ा आन्दोलन** – समिति के अनिल जैन ने कहा कि सिहोरा वासियों को आशा थी कि मुख्यमंत्री 25अगस्त को सिहोरा आगमन पर जिला की सौगात देंगे पर उन्होंने सिहोरा वासियों को पीठ दिखाकर दुखी किया है इसलिए 25 अगस्त को जब मुख्यमंत्री जिले के जबलपुर और कटंगी दौरे पर होंगे सिहोरा वासी एक बड़ा आन्दोलन कर उनसे सिहोरा जिला घोषित करने की मांग करेंगे। बुधवार को हुई भूख हड़ताल में बेडीलाल पटेल,वेद प्रकाश द्विवेदी,प्रदीप दुबे,संतोष पांडे,अजय विश्वकर्मा और मोहन सोंधिया शामिल रहे।

# बिना नम्बर प्लेट के सड़कों पर दौड़ रहे यमदूत!

### शासन प्रशासन ने साधी चुप्पी



**पाटन, देशबन्धु।** जिले की पाटन तहसील में हिरण नदी एवं मुरूम खदानों की वजह से बहुत बड़ी तादाद में बिना नंबरों के हाईवा डंपर रोजाना पाटन नगर सहित ग्रामीण इलाकों की सड़कों पर बिना खनिज विभाग के अनुज्ञा पत्र (रॉयल्टी) के धमा-चौकड़ी मचाते आपको जगह-जगह दिख जाते है जिस पर जिम्मेदारों ने अपनी चुप्पी साध रखी है और राहगीर डर के साए में सड़कों से आवाजाही करने मजबूर है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जितने भी हाईवा-डंपर पाटन तहसील में चल रहे है उनमें से कुछ वाहनों के पेपर कंप्लीट आपको मिलेंगे जबकि पाटन ब्लाक के शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण इलाकों में सरपट दौड़ते अधिकांश कमर्शियल वाहनों के पेपर आपको इनकंप्लीट ही मिलेंगे।

परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बीमा,फिटनिश,परमिट, पीयूसी,वाहन का टैक्स,स्पीड गवर्नर,वाहनों के चारों ओर आरटीओ से अप्रूव रेडियम पट्टी सहित वाहन चालकों का वैध ड्राइविंग लाइसेंस होना बेहद जरूरी होता है यदि सड़क पर कभी कोई घटना दुर्घटना घटित होती है और वाहनों के पेपर इनकंप्लीट पाए जाते है तब ऐसी स्थिति में बीमा कम्पनी ऐसे प्रकरण को रिजेक्ट कर देती है और बीमा कम्पनी आसानी से क्लेम की लायबिलिटी से बच निकलती है और घटना की सभी जवाबदारी मोटर मालिक एवं वाहन चालकों पर आ जाती है। ऐसे कई मामलों में पाटन के ड्राइवर आज भी कोर्ट कचहरी के चक्कर में पिस रहे है। जबकि वे तो रोजी-रोटी की तलाश में सिर्फ ड्राइवरी करने पाटन आय थे। पैसा बचाने की लालशा में वाहन स्वामी टैक्स नहीं भरते जिसकी वजह से परिवहन विभाग के द्वारा ऐसे वाहनों के परमिट, फिटनिश सर्टिफिकेट जारी नहीं किए जाते है इसलिए वाहन स्वामी बिना नम्बर प्लेट के ऐसे कमर्शियल वाहनों को ग्रामीण इलाकों में दौड़ा रहे है। जहां कभी भी पुलिस डंफर-हाईवा की चैकिंग अभियान नहीं चलाती है और यदि कभी कभार पुलिस ऐसे वाहनों को रोकती है तो थोड़ा बहुत ले देकर वाहन स्वामी उक्त मामले को रफा-दफा कर देते है। ऐसा कहना गलत नहीं होगा कि शासन प्रशासन ने अपनी चुप्पी साधकर बेलगाम हाईवा डंपरो को पाटन नगर एवं ग्रामीण इलाकों में सरपट दौड़ने की खुली छूट दे रखी है?

### सार-समाचार



## बघराजी को मिली महाविद्यालय की सौगात

**कुंडम, देशबन्धु।** विगत बहुत दिनों से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के नागरिकों द्वारा बघराजी में महाविद्यालय खोलने की मांग चल रही थी उसी को ध्यान में रखते क्षेत्रीय विधायक भाजपा प्रदेश मंत्री श्रीमति नंदनी मरावी जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष वरकड़े भाजपा मंडल बघराजी के महामंत्री श्री संजय पाठक ने मुख्यमंत्री निवास में जाकर माननीय मुख्यमंत्री जी से मांग की जिसकी अनुमति देने आश्वसान दिये थे जो कैबनेट में 22तारिक को पास कर बघराजी को कला वाणिज्य,विज्ञान, महाविद्यालय खोलने की अनुमति प्रदान हुई इस ऐतिहासिक कार्य के लिए क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं नागरिकों में भारी हरुल्लास देखने को एवं ग्राम वरिष्ठ नेता डॉ आर के चनपुरिया मण्डल अध्यक्ष महेंद्र वरकड़े महामंत्री संजय पाठक राजेश साहू सतीश अवस्थी विजय साहू बघराजी सरपंच अर्चना बाग़री संदीप साहू विनोद मार्को कमलेश साहू वैजनाथ सोनी मदन लाल बाग़री काशी साहू मदन पटेल उमेश पटेल संतोष पाठक अजय जैन प्रकाश जैन प्रह्लाद साहू अयोध्या साहू उमेश बाग़री विजय विश्वकर्मा भाई लाल विश्वकर्मा हजारों कार्यकर्ता नागरिकों ने मुख्यमंत्री जी विधायक श्रीमति नंदनी मरावी जी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संतोष वरकड़े जी का आभार धन्यवाद प्रेषित किये।

## आंखों के संबंध में नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन

**कुंडम, देशबन्धु।** सागर आई केयर एंड ऑप्टिकल कुंडम के द्वारा निशुल्क शिविर आंखों का लगाया गया जिसमें 150 मरीज आंखों के सागर आई केयर में पहुंचे और 50 लोगों को चश्मा फ्री दिया गया सागर चक्रवर्ती एवं आधुनिक ए आर मशीनों के द्वारा आंख जांच कर जरूरतमंदों व्यक्तियों को चश्मा वितरण किया गया है और शिविर में जबलपुर से निशुल्क सेवाएं देने के लिए डॉक्टर कुंडम आए तहसील के अंदर एकमात्र सागर आई केयर ऑप्टिकल दुकान है कुंडम तहसील तिराहा विधायक आवास के पास जहां पर आंख की जांच होती है कुंडम तहसील के लिए ग्रामीणों के लिए एक बड़ी सौगात है जो हमारे आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र की समस्त आंखों के मरीज पीड़ित व्यक्तियों को एक सेवा के लिए आपके कुंडम गांव का एक बेटा सागर चक्रवर्ती है जो आपके आंखों के संबंध में निशुल्क जांच शिविर लगाने का काम करता है और ए एस जी आई हॉस्पिटल जबलपुर से आए डॉक्टर यहां पर शिविर में अपना सहयोग दिया है जो मरीज मोतियाबिंद का मिलता है उस मरीज को ऑपरेशन निशुल्क कराया जाता है किसी व्यक्ति से एक रुपए भी नहीं लिया जाता है आप लोग से अपेक्षा करते है कि इस तरह के मरीज आसपास गांव क्षेत्र में मिलते हैं तो सागर आई केयर एंड ऑप्टिकल में पहुंचने के लिए आप अपना सहयोग दें ऐसे जन सेवा समाज सेवा गरीबों के की सेवा देने के लिए सागर चक्रवर्ती द्वारा शिविर लगाकर आंखों के मरीज का सहयोग करते हैं संपर्क करें सागर चक्रवर्ती कुंडम आंख से पीड़ित होने पर उनका सहयोग किया जाता है सागर आई केयर एंड ऑप्टिकल कुंडम में हर बुधवार के दिन आंखों का निशुल्क शिविर लगाया जाता है ।



## भगवान पार्श्वनाथ स्वामी की मोक्ष जयंती धूमधाम से मनाई

**पनागर, देशबन्धु।** नगर के विद्यासागर वार्ड स्थित श्री 1008 चंद्र प्रभु जी जिनालय नायक मंदिर जी में आज सुबह 23 में तीर्थंकर श्री 1008 चिंतामणि पारसनाथ भगवान जी का मोक्ष कल्याण महोत्सव मनाया गया कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान श्री की अभिषेक शांति धारा एवं पूजन पाठ का कार्यक्रम किया गया सभी लोगों ने निर्माण कांड का वाचन किया तत्पश्चात उपस्थित धर्म प्रेमी जनो द्वारा भगवान श्री पारसनाथ जी की बेदी एवं पनागर में स्थित श्री सम्मेद शिखर जी की पारसनाथ टोग मैं पूजा कर लाडू महोत्सव मनाया।इस अवसर पर मंदिर में पंडित श्री निर्मल जैन जी विमल जैन नीरज मोदी अनु मोदी प्रकाश जैन संजय जैन अर्चना नायक ज्योति जैन नायक पूर्व पार्षद पुष्पा लसगरी श्रीमती मगन बहन जी मुक्त नायक बसंती देवरिया शालिनी जैन अन्नपूर्णा मोदी मनीष मोदी शिल्पी आशा कटंगा रजनी जैन सहित सैकड़ो महिलाएं एवं पुरुष भी उपस्थित थे।

# पाटन थाने से ट्रांसफर होने के बावजूद नहीं किया जॉइन

**पाटन देशबन्धु।** स्थानांतरण होने के बाद भी पाटन थाना छोड़ने तैयार नहीं। वर्षों से जमे पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी वहीं ट्रांसफर आदेश न मानने पर विभागीय अधिकारी सख्त होने की बजाय इन सभी पुलिस अधिकारियों पर मेहरबान दिख रहे हैं। बताया जा रहा है की पाटन थाने से लगभग 9 पुलिस अधिकारियों,कर्मचारियों के ट्रांसफर आदेश हुए है। जिनके नाम है उप निरीक्षक रवि शंकर उपाध्याय,दीपक मंडलोई का ट्रांसफर अधारताल थाना जबलपुर,प्रदीप तोमर,अनुराग सिंह तोमर का ट्रांसफर गोहलपुर थाना हुआ है इसके अलावा दुर्गेश मरावी हनुमानताल थाना,संतोष सिंह ठाकुर पनागर थाना,राम सुजान लॉर्डगंज थाना हुआ था जिसमें से दो उप निरीक्षक रवि शंकर उपाध्याय,दीपक मंडलोई अचानक काम आने की वजह से छुट्टी पर चले गए है। लेकिन सच्चाई यह है कि ये दोनों उप निरीक्षक पाटन में ही रहना चाहते है जिसकी वजह से राजनीतिक गोटी फिट कर रहे हैं। जिससे पाटन से न जाने पड़े छुट्टी तो एक बहाना है जरूरी काम तो ट्रांसफर रुकवाना है। इसके अलावा एक नाम ऐसा भी है जो पाटन मुख्यालय में 10 वर्षों से भी अधिक समय से पाटन में पदस्य है। हम बात कर रहे है कविता शर्मा की जो पाटन मुख्यालय में एक दशक से भी अधिक समय से पाटन पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दे रही है। सबसे पहले पाटन थाने में पदस्य थी और थाने में 5 वर्ष के सेवाकाल के बाद इनका ट्रांसफर विजय नगर थाने जबलपुर में हुआ था लेकिन अपने ऊंचे रसूख की दम पर पुन:पाटन एसडीओपी कार्यालय में पदस्य हो गई और यहां भी लगभग 5 वर्ष से भी अधिक समय होने के बाबजूद इनका ट्रांसफर पाटन से नहीं हुआ है। आखिर क्या वजह है एक पुलिस अधिकारी पाटन छोड़ने तैयार नहीं हैं। विस चुनाव के मद्देनजर अब देखना होगा पुलिस विभाग पाटन में कई वर्षों से जमे पुलिस अधिकारी,कर्मचारी जिनके ट्रांसफर पहले पुलिस विभाग के द्वारा किए गए थे वे पाटन पुलिस विभाग से रवानगी लेंगे अथवा अपने राजनैतिक संबंधों के चलते अपना-अपना ट्रांसफर रुकवा कर यही जमे रहेंगे!

### इनका कहना है

जब इस संबंध में थाना प्रभारी से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि आज ही 4 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी को पाटन थाने से रिलीव किया गया है।

**नवल आर्य,** पाटन थाना प्रभारी



## सीएम के कटंगी आगमन पर विस क्षेत्र के कांग्रेसियों ने मांगा समय

**पाटन, देशबन्धु।** सीएम के 25 अगस्त को कटंगी आगमन पर पाटन विस क्षेत्र के कांग्रेसियों ने क्षेत्र मे व्याप्त समस्याओं के संबंध में सीएम से मुलाकात का समय आरक्षित करने जिला कलेक्टर के नाम ठा.विक्रम सिंह,राजेश तिवारी (गुरु) दुर्गेश पटेल,श्याम सुंदर यादव,मनीष पटेल की अगवाई में ज्ञापन सौंपा है। मीडिया से चर्चा के दौरान राजेश तिवारी (गुरु) ने बताया कि सीएम के कटंगी नगर आगमन पर हम सभी कांग्रेसी विस क्षेत्र में व्याप्त गुण्डागर्दी,नगर एवं गांव-गांव चल रहे अवैध कारोबार, मझौली ब्लाक में मूंग खरीदी में हुए भ्रष्टाचार के कारण क्षेत्र के किसानों का भुगतान शासन ने रोक दिया है ऐसा प्रतीत होता है कि ये सरकार और उनके अधिकारी विस क्षेत्र के किसानों,मजदूरों और क्षेत्र की जनता की बात सुनना ही नहीं चाहते हैं। इसलिए मुख्य विपक्षी पार्टी होने के नाते हम सभी कांग्रेसी जनता की आवाज मुख्यमंत्री के कानों तक पहुंचाना चाहते हैं यदि समय नहीं मिलता है तो अन्य माध्यमों के जरिए मुख्यमंत्री की कानों तक जनता की आवाज पहुंचाई जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे है।



## विद्यासागार समिति द्वारा गौ सेवा कार्य प्रशंसनीय: डॉ जामदार

**गोसलपुर,देशबन्धु।** सड़कों में घायल हुई गायों और अन्य गायों की देखरेख और सेवा का जो कार्य विद्यासागर सेवा आश्रम समिति गोसलपुर द्वारा किया जा रहा है वह प्रशंसनीय है,ये उद्गार गोसलपुर में राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त डॉ जामदार ने गोसलपुर में गौशाला के भ्रमण के दौरान कही।

जामदार ने कहा कि कलयुग में गौ सेवा बहुत बड़ी ईश्वर की सेवा है।इस दौरान समिति के अनिल जैन,सुनील जैन,प्रवीण जैन,अमित जैन,धर्मेंद्र जैन,संजय जैन,जीवन लाल गुप्ता,यतेंद्र जैन,अनमोल जैन,अभिषेक जैन मौजूद रहे।

## महावीर हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ आयोजित

**कुंडम, देशबन्धु।** एमपीवी कुंडम महावीर हनुमान जी के मंदिर में सुंदरकांड का पाठ चल कुंडम कनिष्ठ अभियंता प्रशांत सिन्हा एवं समस्त लाईनमैनो के द्वारा एमपीवी विभाग महावीर हनुमान जी में सुंदरकांड का पाठ 4 घंटा चला और वहीं पर समस्त कुंडम भक्त मंडली एवं भक्तजनों के लिए प्रसाद व भोजन की व्यवस्था भी कराई गई थी प्रशांत सिंह जे ई ने सावन मास के अवसर पर श्रद्धा भक्ति के साथ रामचरितमानस का सुंदरकांड का आयोजन रखा और सभी ग्राम वासियों ने प्रशांत सिंहा साहब जी को नेक काम करने का सराहीना करते है इस अवसर पर जिला जबलपुर से आए कार्यपालन अभियंता विवेक जसेले सहायक अभियंता अमित सक्सेना जय सिंह रविकांत गुप्ता एवं समस्त कुंडम स्टाफ इस कार्यक्रम में शामिल रहे





## रुद्राभिषेक एवं महाशिवपुराण का आयोजन

**पनागर, देशबन्धु।** श्रावण मास के अवसर पर हनुमान एवं शिव मंदिर व्यास तालाब पर 30 जुलाई से 30 अगस्त तक सुबह 7बजे से रात्रि 10.30 बजे तक मासिक रुद्राभिषेक एवं शिवलिंग निर्माण, नवग्रह उपासना एवं शिव कथा का महाआयोजन किया जा रहा है, कथावाचक अतुल पांडेय एवं आचार्य मोहित तिवारी, सोहित तिवारी जी के मुखारबिंद से प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक, शाम 4 बजे से 7 बजे तक शिवकथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम आयोजक संतोष भट्ट, गुरु उपाध्याय, स्वप्निल सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र रॉय, बहादुर रॉय, नवल खम्परिया, भगवानदास प्रजापति, रोशन तिवारी आदि ने अधिक से अधिक संख्या में पंहुचकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

## कुशनेर विद्यालय में गोस्वामी तुलसीदास जयंती मनाई गई

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसनेर में गोस्वामी तुलसीदास की 526 वन जयंती मनाई गई। रामचरितमानस मंच पर रखा गया तथा गोस्वामी जी की फोटो लगाई गई जिसमें अतिथियों द्वारा पूजन किया गया। इस अवसर पर डॉ अजय तिवारी प्रोफ़ेसर मान कुंवर बाई कॉलेज जबलपुर ,विकास खंड शिक्षा अधिकारी पनागर टी जी खरे , प्राचार्य जगत सिंह मार्को तथा श्रीमती अर्चना शुक्ला ने पूजन किया।



बीईओ पनागर ने गोसाई के जीवन परिचय दिया।अर्चना शुक्ला ने विस्तार से तुलसी दास द्वारा रामचरित मानस की रचना की जानकारी रखी ।कविता के माध्यम से उनकी छंद दोहा सुनाए ।मुख्य वक्ता डॉ अजय तिवारी ने रामचरितमानस के जीवन पद्धति में समावेश किस प्रकार से हैं इसकी जानकारी विस्तार से दिया। उन्होंने कहा कि राम ,लक्ष्मण, सीता ,हनुमान, रावण, सूर्पनखा, अहिरावण ,विभीषण बाली, सुग्रीवऔर सभी पात्रों की भूमिका समाज और विश्व कल्याण मैं निहित बताया ।सभी का अपना अपना दायित्व निर्वहन के बारे में सरल भाषा में प्रस्तुत किया। विद्यालय के छात्र में छात्राओं और शिक्षक गण उपस्थित थे जिसमें जीनत रसूल अंसारी, ज्योति बोरिया, सुनीता गुप्ता ,प्रतिभा वर्मा, अनीता शांडिल्य मनोत्तमा पटेल , उत्तम मिरी,राजेंद्र वर्मन, दिनेश यादव, लक्ष्मीकांत श्रीवास्तव ,अभिषेक बर्मन, विशाखा गौतम ,सीमा सेन,रजनीश कोहलीआदि उपस्थित थे और अंत में चंद्रयान 3 सफल लेंडिंग के लिए अतिथियों द्वारा 21दीप प्रज्वलित कर इसकी सुरक्षित लेंडिंग के लिए प्राथना किया गया।मंच संचालन उत्तम मिरी द्वारा किया गया।

## लंकेश व्यायाम शाला में हर्षोल्लास से मनाई नागपंचमी

### अखाड़े में पहलवानों ने किया मल्लयुद्ध

**पाटन देशबन्धु।** नाग पंचमी के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण अंचल में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए वही नगर के अखाड़ों में विधिवत पूजा पाठ के बाद पहलवानों के द्वारा मल्लयुद्ध किए गए इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में कबड्डी के भी आयोजन भी हुए है इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में खेले जाने वाला प्राचीन खेल कबड्डी के आयोजन हुए है वही नगर की लंकेश व्यायाम शाला में भी विभिन्न आयोजन हुए है। उक्त आयोजनों में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे दिल्लू पहलवान,लंकेश उर्फ मुन्ना पहलवान,अनाड़ी पहलवान, पप्पू नामदेव,पार्षद दीपक जैन, राजू खत्री सहित मां सिद्धेश्वरी समिति के सदस्य एवं लंकेश व्यायाम शाला के सभी सदस्य उपलब्ध थे।

## चंद्रमा के दक्षिणी ध्रु व पर चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लेंडिंग पर दी बधाई, मनाई खुशियां

**जबलपुर, देशबन्धु।** एनएसई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार चौहान ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रु व पर चंद्रयान-3 के सॉफ्ट और सफल लैंडिंग की उल्लेखनीय उपलब्धि पर महान राष्ट्र को अपनी हार्दिक बधाइयां दी हैं। उन्होंने कहा कि यह असाधारण उपलब्धि भारत की अंतरिक्ष यात्रा में ऐतिहासिक मील का पत्थर है और यह हमारे राष्ट्र की प्रगति को गति देने वाले वाले बुनियादी मूल्यों की अनुगूंज है। इस ऐतिहासिक पल की खुशियाँ मनाते हुए, हम विज्ञान और अन्य क्षेत्रों में इससे प्रेरणा लें। इसे इस तथ्य का प्रमाण बनने दें कि चुनौतियां हमें अवसर देती हैं, ताकि हम हमारे धैर्य और उत्कृष्टता को दिखा सकें। यह उपलब्धि बड़ी से बड़ी ऊँचाइयों को छूने, नई-नई कामयाबियाँ हासिल करने और असंभव की सीमा तक असंभव को धकेलने की हमारी सामूहिक आकांक्षा को बल दे, यही कामना है।



## इजरायली सैनिकों के साथ झड़प में कई फिलिस्तीनी घायल

गाजा/रामल्ला। इजरायल और वेस्ट बैंक के साथ गाजा सीमा पर इजरायली सैनिकों के साथ झड़प के दौरान सोमवार को कई फिलिस्तीनी घायल हो गए। फ़िलिस्तीनी चिकित्सकों और प्रत्यक्षदर्शियों ने यह जानकारी दी। इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन (हमास) द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि पूर्वी गाजा पट्टी और इज़राइल के बीच सीमा पर विरोध प्रदर्शन के दौरान इजरायली सैनिकों द्वारा कम से कम 12 फिलिस्तीनी घायल हो गए। फ़िलिस्तीनी प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सैकड़ों फ़िलिस्तीनी सीमा रेखा क्षेत्र में एकत्र होकर झंडे लहरा रहे थे, टायर जला रहे थे, इज़राइल विरोधी नारे लगा रहे थे और सीमा पर तैनात सैनिकों पर पत्थर फेंक रहे थे।

# औंधे मुंह गिरा पाकिस्तान, जिस नेता ने उड़ाया था इसरो का मजाक, वही कर रहा गुणगान



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की पूर्ववर्ती इमरान खान की सरकार में विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री रहे फवाद हुसैन ने भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान- 3 की प्रशंसा की है और इसे मानव जाति के लिए ऐतिहासिक क्षण बताया है। भारत को बधाई देते हुए, पूर्व विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री ने अपने देश से बुधवार की शाम चंद्रयान -3 की चंद्रमा पर लैंडिंग का लाइव प्रसारण करने का आग्रह किया है। इससे पहले हुसैन वर्षों तक भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का मजाक उड़ाते थे।

फवाद ने एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर लिखा, पाक मीडिया को कल शाम 6:15 बजे चंद्रयान की चंद्रमा पर लैंडिंग को लाइव दिखाना चाहिएञ्मानव जाति के लिए ऐतिहासिक क्षण, विशेष रूप से भारत के लोगों, वैज्ञानिकों और अंतरिक्ष समुदाय को बहुत बधाई।

फवाद हुसैन ने इससे पहले 14 जुलाई को भी भारत के अंतरिक्ष और विज्ञान समुदाय को बधाई दी थी, जब इसरो ने तीसरा चंद्रमा मिशन लॉन्च किया था। उन्होंने लिखा था, चंद्रयान3 के प्रक्षेपण पर भारतीय अंतरिक्ष और विज्ञान समुदाय को बधाई, आप सभी को शुभकामनाएं। पूर्व पाकिस्तानी मंत्री ने 2019 में चंद्रयान -2 मिशन के फेल होने के बाद भारत और इसरो का मजाक उड़ाया था। उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी को बेरहमी से ट्रोल किया था और दूसरे चंद्र मिशन पर 900 करोड़ खर्च करने पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा था कि किसी अज्ञात क्षेत्र में उद्यम करना बुद्धिमानी नहीं है।

पिछले मिशन के अंतिम चरण में विफल होने के बाद उन्होंने अपने एक्स पोस्ट पर हैशटैग इंडिया फेल्ड का भी इस्तेमाल किया था, जब विक्रम लैंडर का चंद्रमा से सिर्फ 2.1 किमी ऊपर जमीनी स्तर से संपर्क टूट गया था।

# बॉडीगार्ड के साथ समलैंगिक रिश्ते बनाता धराया तालिबान उप प्रमुख, गंदी हरकत कैमरे में कैद

**नई दिल्ली।** महिलाओं पर तरह-तरह के प्रतिबंध लगाने वाले तालिबान के एक वरिष्ठ नेता की हरकतों ने सबको हैरान कर दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक चौंकाने वाले वीडियो में कथित तौर पर काबुल में तालिबान का उप प्रमुख और दा अफगानिस्तान ब्रेशना शेरकट का प्रमुख मुल्ला अहमद अखुंद को अपने अंगरक्षक के साथ समलैंगिक संबंध बनाते हुए पकड़ा गया है। इस मूक फुटेज में, दिख रहा है कि एक बेड तैयार है, जिस पर मुल्ला अहमद अखुंद एक युवक के साथ हमबिस्तर है।

कथित वीडियो में मुल्ला अहमद अखुंद को जिस युवा व्यक्ति के साथ सोते हुए दिखाया गया है, वह उसका अंगरक्षक है। अफगानिस्तान इंटरनेशनल की रिपोर्टों के अनुसार युवक की पहचान 21 वर्षीय के रूप में हुई है, जो पहले ब्रेशना शेरकट में तालिबान नेता के साथ काम करता था। उसे इस समूह के उप रक्षा मंत्री मुल्ला फ़ाज़िल की कंपनी में भी देखा गया था।

इस वीडियो के सामने आने के बाद से तालिबान नेतृत्व और उसके अंदर बैठे लोगों के व्यवहार और संबंधों पर सवाल उठने लगे हैं। वीडियो से तालिबान के अंदर काफी दिलचस्पी और चिंता पैदा हो गई है। इस पर सोशल मीडिया में बहस छिड़ने की संभावना है। एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर एक उपयोगकर्ता ने कहा, अधिकांश तालिबानियों के किशोरावस्था से ही समलैंगिक संबंध हैं। अफगान समाज में लड़कों के साथ दुर्व्यवहार आम है। बच्चा बाजी एक आम बात है। यह एक सड़ा हुआ समाज है। मदरसों में 9 साल की उम्र से ही लड़कों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। उन्हें बिना दाढ़ी वाले लड़के पसंद हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा, तालिबान संस्कृति में यदि आप समलैंगिक हैं, तो वे आपको फांसी दे देते हैं, लेकिन बॉस लड़कों के साथ यौन संबंध रखते हैं। यह घृणास्पद है। तीसरे यूजर ने लिखा है,ये वही लोग हैं जो कहते हैं कि समलैंगिकता इस्लाम में हराम है और मौत की सजा है। इस बीच, रिपोर्टों से पता चला है कि सोशल मीडिया पर कथित वीडियो के वायरल होने के बावजूद तालिबान नेतृत्व ने मुल्ला अहमद अखुंद को काम करना जारी रखने की अनुमति दे दी है और उसे कोई सजा नहीं दी है। ह्यूमन राइट्स वॉच और आउट राइट एक्शन इंटरनेशनल द्वारा जारी जनवरी 2022 की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि एलजीबीटी अफगान और जो लोग अफगानिस्तान में कठोर लिंग मानदंडों के अनुरूप नहीं हैं, उन्हें तालिबान शासन के तहत अपनी सुरक्षा और जीवन के लिए निराशाजनक स्थिति और गंभीर खतरों का सामना करना पड़ रहा है। तालिबान में समलैंगिक होने की सजा कोड़े मारकर दी जाती है।

## आज का इतिहास

1600-ईस्ट इंडिया कम्पनी का पहला जहाज 'हेक्टर' सूरत के तट पर पहुंचा।

1690-कलकत्ता शहर का स्थापना दिवस।

1908-स्वतंत्रता सेनानी राजगुरु का जन्म।

1914-प्रथम विश्व युद्ध = जर्मन सेना ने नैमूर पर क़ब्ज़ा किया।

1924-भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ राम निवास मिर्धा का जन्म।

1969-वाराहगिरि वेंकट गिरि भारत के चौथे राष्ट्रपति बने

1974-फ़ख़रुद्दीन अली अहमद भारत के पांचवें राष्ट्रपति बने

1991-यूक्रेन सोवियत संघ से अलग होकर स्वतंत्र देश बना।

1995-उत्तरी अमेरिका में माइक्रोसॉफ्ट विन्डोज 95 की आम जनता के लिए शुरूआत।

1999-पाकिस्तान ने कारगिल ऑपरेशन के दौरान भारत द्वारा पकड़े गये 08 युद्धबंदियों को युद्धबंदी मानने से इंकार किया।

2000-बंगलादेश के पूर्व राष्ट्रपति मुहम्मद इरशाद को 05 वर्ष की सज़ा।

## सुडोकू 6295

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 1 | | | 8 | |
| | | | | | 6 | 2 | | 4 |
| | 5 | | | | 7 | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 9 | | 1 | | 2 | | 6 | |
| | | | 5 | | | | | 7 |
| | | 6 | 7 | | | | 1 | |
| 2 | | 3 | 6 | | | | | |
| | 1 | | | 8 | | 3 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## श्रीनगर में एसिड अटैक मामले में दो को उम्रकैद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर की एक अदालत ने 2014 में कानून की एक छात्रा पर तेजाब से हमला करने के मामले में दो लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रधान सत्र न्यायाधीश, जवाद अहमद ने मंगलवार को अपने आदेश में कहा कि दोषी नरमी के पात्र नहीं हैं और उनके कृत्य के लिए कानून के तहत निर्धारित अधिकतम आजीवन कारावास की सजा के अलावा कोई अन्य सजा पीड़ित को वास्तविक तथा पूर्ण न्याय नहीं दे सकती है।

## सीपीआई एम विधायक के आवास पर ईडी ने मारा छापा

**कोच्चि।** करुवन्नूर सहकारी बैंक धोखाधड़ी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय की एक टीम ने मंगलवार को त्रिशूर जिले के वडक्कनचेरी क्षेत्र में वरिष्ठ सीपीआई (एम) विधायक ए.सी. मोइदीन के आवास पर तलाशी अभियान शुरू किया। घोटाला सामने आने के तुरंत बाद, रिपोर्टों में बैंक चलाने वालों और कुन्नमकुलम विधायक मोइदीन के बीच घनिष्ठ संबंध होने का दावा किया गया। बैंक में 200 करोड़ रुपए से अधिक की धोखाधड़ी का पता चला है, इससे कई जमाकर्ता गहरे संकट में हैं। मोइदीन पहली पिनाराई विजयन सरकार-2016-21 में राज्य मंत्री थे।

## प्रेमिका से मिलने गए युवक की पीट-पीटकर हत्या


**रांची।** चतरा के हंटरगंज थाना क्षेत्र के सलैया गांव में प्रेमिका से मिलने गए कुंदन कुमार को लड़की के घरवालों और गांव के लोगों ने पीट-पीटकर मार डाला। प्रेमिका से मुलाकात में उसकी मदद कर रही गोली देवी नामक महिला को भी लोगों ने बुरी तरह पीटा। उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए गया के मगध मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है।

## केसीआर से मुलाकात के बाद भाजपा नेता पार्टी से निलंबित

**हैदराबाद,** (एजेंसियां)। तेलंगाना भाजपा इकाई ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव से मिलने के बाद पार्टी के भद्राद्री कोठागुडेम जिला अध्यक्ष कोनेरू सत्यनारायण (चिन्नी) को निलंबित कर दिया। पार्टी की राज्य इकाई ने नियमों का उल्लंघन करने और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के लिए चिन्नी को निलंबित करने की घोषणा की।

भाजपा के राज्य महासचिव जी. प्रमेंदर रेड्डी ने एक बयान में कहा, निलंबन तुरंत प्रभाव से लागू होगा। चिन्नी ने सोमवार देर रात हैदराबाद में मुख्यमंत्री केसीआर से मुलाकात की थी। उसके बाद भाजपा ने यह कार्रवाई की। मुख्यमंत्री ने उन्हें राज्य की सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) में शामिल होने के लिए न्योता दिया था। संभावना है कि चिन्नी मंगलवार को भाजपा से अपने इस्तीफे की घोषणा करेंगे। शुक्रवार या शनिवार को उनके बीआरएस में शामिल होने की संभावना है। चिन्नी ने 2014 में तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के उम्मीदवार के रूप में कोठागुडेम विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था। वह 2017 में बीजेपी में शामिल हुए थे।

# अमेरिका ने पहले हाइपरसोनिक हथियार का किया परीक्षण



**वाशिंगटन,** एजेंसियां)। अमेरिकी वायु सेना ने हाइपरसोनिक एयर-लॉन्च रैपिड रिस्पांस वेपन (एआरआरडब्ल्यू) का पहला परीक्षण किया।

वायुसेना के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को अपने बयान में स्पूतनिक को यह जानकारी दी। वायुसेना प्रवक्ता ने कहा कि यह परीक्षण 19 अगस्त को दक्षिणी कैलीफोर्निया के तट पर किया गया। इस परीक्षण ने एक पूर्ण प्रोटोटाइप ऑपरेशनल हाइपरसोनिक मिसाइल लॉन्च की। उन्होंने बताया कि इस मिसाइल के परीक्षण के बाद इसकी क्षमताओं के बारे में बहुमूल्य नई अंतर्दृष्टि प्राप्त हुई है। वायुसेना ने कहा, इस परीक्षण ने मूल्यवान, अद्वितीय डेटा प्राप्त किया और इसका उद्देश्य एआरआरडब्ल्यू और एचएसीएम जैसे कई कार्यक्रमों को आगे बढ़ाना है। वायु सेना सचिव फ्रैंक केंडल ने कांग्रेस को बताया कि यह मिसाइल वायु रक्षा प्रणालियों को मात दे सकता है। गौरतलब है कि इससे पहले एआरआरडब्ल्यू का 13 मार्च को परीक्षण किया गया था लेकिन वह असफल रहा था।

# ईरान ने दिखाया इजराइल तक हमले में सक्षम ड्रोन, 300 किलो का वॉरहेड ले जा सकता है



ईरान ने मंगलवार को मोहाजिर-10 ड्रोन का उद्घाटन किया जो इजराइल तक वार करने में सक्षम है। ये ड्रोन 24 घंटे तक लगातार उड़ान भरने में सक्षम है। ईरानी मीडिया इरना के मुताबिक, इस ड्रोन की रेंज 2 हजार किमी है और ये 210 किमी/घंटे की रफ्तार से उड़ सकता है।

मोहाजिर ड्रोन अलग-अलग हथियार और बम ले जा सकता है। ये 300 किलो का वॉरहेड ले जाने और खुफिया-जानकारी जुटाने में भी सक्षम है। ईरान में ये ड्रोन अमेरिका के रूक्त-9 ड्रोन की तरह है। ये ड्रोन 7 हजार मीटर की ऊंचाई पर उड़ान भरने में सक्षम है। ईरानी मीडिया ने मंगलावर को एक पोस्टर भी जारी किया। इसमें ड्रोन इजराइल की न्यूक्लियर फैसिलिटी डिमोना के ऊपर उड़ता नजर आ रहा है। इस पोस्टर पर फारसी और हीब्रू में लिखा था- स्टोन एज में लौटने को तैयार रहें। इस ड्रोन का अनावरण राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के सामने किया गया। रईसी ने कहा- इससे पहले जिन 2 लंबी दूरी वाली बैलिस्टिक मिसाइलों की टेस्टिंग की गई थी, अब वो इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को दिए जाने के लिए तैयार है। इनमें हज कासिम और खुर्रमशहर मिसाइल शामिल हैं। रईसी ने कहा- ईरान के मिलिट्री एडवांसमेंट की वजह से दुनिया का हमारी तरफ देखने का नजरिया बदल गया है। पहले लोग हमें ऐसे देश के तौर पर देखते थे, जो कन्ज्यूमर है और जिसे मदद की जरूरत है। लेकिन अब हम एक प्रोड्यूसर हैं, जो डिफेंस क्षेत्र में काफी ताकतवर है। रईसी ने ये भी कहा कि ईरान सभी देशों से दोस्ताना रिश्ते चाहता है, लेकिन वो किसी भी ऐसे देश को नहीं बख्शेगा जो उन पर कब्जा करने की कोशिश करेंगे।

**रूस से ईरान खरीद रहा सुखोई-25 लड़ाकू विमान-** इससे पहले ईरान ने मार्च में घोषणा की थी कि उसने रूस के साथ सुखोई-35 लड़ाकू विमानों की डील पक्की कर ली है।


किर्बी ने कहा कि ये जानकारी पब्लिक की जा रही है, जिससे दोनों देशों की डिफेंस पार्टनरशिप को बेनकाब किया जा सके। इससे पहले यूक्रेन ने कई बार रूस के हमले में ईरान के कामिकाजे ड्रोन के इस्तेमाल का दावा किया है। उन्होंने अपने कई शहरों में मिले ईरान के ड्रोन के मलबे की तस्वीरें भी जारी की थीं।

हालांकि, रूस ने हमेशा इन दावों को खारिज किया है। वहीं ईरान ने रूस को ड्रोन भेजने की बात स्वीकारी थी लेकिन उसके मुताबिक ये सप्लाई जंग शुरू होने से पहले की गई थी।

**यूक्रेन पर ईरान के शाहीद-136 ड्रोन से हमला हुआ था-** 17 अक्टूबर 2022 को रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर ईरान के कामीकाजे ड्रोन से हमला किया था। हमले में इस्तेमाल किए गए कामीकाजे ड्रोन का नाम शाहीद-136 था। इस ड्रोन को ईरान का सबसे खतरनाक हर्था?यार माना जाता है। इस ईरानी ड्रोन को सुसाइड ड्रोन भी कहा जाता है।

हमले के बाद अमेरिका ने दावा किया था कि क्रीमिया में ईरानी सैनिक रूस के सैनिकों को जंग लड़ने की ट्रेनिंग दे रहे हैं। व्हाइट हाउस ने एक बयान जारी कर कहा था- ईरानी सैनिकों को रूसी बलों की मदद के लिए क्रीमिया भेजा गया। वो रूसी सैनिकों को ड्रोन चलाना सिखा रहे हैं। वे यूक्रेन के नागरिकों और इंफ्रास्ट्रक्चर पर ड्रोन हमले करने में रूस की मदद कर रहे हैं।

## वर्ग पहेली 6295



**बायें से दायें:-**

१. जिसका कुछ अंश बाकी बचा हो, बाकी, शेष, अपूर्ण, अधूरा
३. राय, सलाह
५. आकाश, वर
६. भलाई चाहने वाला
७. दान करने वाला, दानी
९. सरस्वती, दुर्गा
१०. आग उगलने वाला, हथियार
१२. कुबेरपुरी
१३. तो भी, तिस पर भी
१४. विद्यमान, हाजिर
१६. न्यूनाधिक्य का विचार, मिलान, समता, आपेक्षिक संबंध
१८. मिलन
२०. किरण
२१. अबोध, मूर्ख (उर्दू)
२३. किसी की मृत्यु के तेरहवें दिन पर होने वाला कार्यक्रम

**ऊपर से नीचे:-**

१. समूह संबंधी
२. शिरोभूषण, मुकुट, पर्वत-शिखर
३. पिता का दादा
४. दूध देने या बोझ ढोने के काम आने वाले पालतू पशु
५. गणित
८. प्रति पक्षी को लड़ने की चुनौती देना
१०. इल्जाम मढ़ना
११. बिताया हुआ
१२. किंतु
१३. घुड़साल
१४. श्रेष्ठता
१५. वह चित्र जो चलता हुआ न हो (स्टील फोटो फ्रेम)
१७. बागडोर
१८. भौंरा, भ्रमर
१९. शरण (उर्दू)
२२. हलकी किंतु लगातार होने वाली वर्षा

## वर्ग पहेली-6294



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**दावा** *कर्नाटक में कांग्रेस नेता का दावा*

# ऑपरेशन हस्त के जरिए 10 से 15 भाजपा नेता होंगे पार्टी में शामिल

**बेंगलुरु, (एजेंसियां)। भाजपा की कर्नाटक इकाई को निर्देश दिया गया है कि वह उन पार्टी नेताओं को न रोके, जो राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल होना चाहते हैं। कांग्रेस नेता दावा कर रहे हैं कि लोकसभा चुनाव से पहले ऑपरेशन हस्त के जरिए करीब 10 से 15 बीजेपी नेता उनकी पार्टी में शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक पूर्व मंत्री** एवं भाजपा विधायक एस.टी सोमशेखर और पूर्व मंत्री भाजपा विधायक शिवराम हेब्बार कांग्रेस पार्टी में शामिल होने के लिए तैयार हैं। बड़ी संख्या में कांग्रेस में शामिल सोमशेखर के समर्थकों ने दावा किया कि सोमशेखर का कांग्रेस में शामिल होना महज एक औपचारिकता है।

सूत्रों ने बताया कि हेब्बार बीजेपी नेतृत्व से नाराज हैं और उनके जल्द ही कांग्रेस में शामिल होने की भी संभावना है। दोनों नेता 2019 में कांग्रेस से ऑपरेशन लोटस के जरिए बीजेपी में




■ **कांग्रेस में शामिल होने के इच्छुक नेताओं को नहीं रोकेगी भाजपा**

शामिल हुए थे। कहा जाता है कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ वरुणा और चामराजनगर सीटों से विधानसभा चुनाव हारे पूर्व मंत्री वी. सोमन्ना भी कांग्रेस में जाने पर विचार कर रहे हैं। सोमन्ना प्रदेश अध्यक्ष पद के आकांक्षी हैं और कहा जा रहा है कि इस संबंध में पार्टी का निर्णय होने के बाद ही वह निर्णय लेंगे। गत सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्रियों बी.एस. येदियुरप्पा, बसस्वराज बोम्मई, डी.वी.सदानंद गौड़ा, पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सी.टी.रवि और अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति वाली कोर कमेटी की बैठक में उन नेताओं को नहीं रोकने का निर्णय लिया गया, जो भगवा पार्टी छोड़ना चाहते हैं।

नेताओं ने कहा कि एक बार पार्टी के नेतृत्व की घोषणा हो जाने के बाद सब कुछ ठीक हो जाएगा। भाजपा कैडर आधारित पार्टी है और अगर नेता पार्टी छोड़ने का फैसला करते हैं, तो उन्हें डरने की जरूरत नहीं है। नेताओं ने विपक्ष के नेता की नियुक्ति और प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए पार्टी आलाकमान से अपील करने का फैसला किया। कर्नाटक के सियासी गलियारों में ऑपरेशन लोटस की तर्ज पर ऑपरेशन पंजा चलाए जाने की चर्चा है। इसके तहत कांग्रेस बीजेपी और जेडीएस के उन विधायकों को तोड़ने की रणनीति बना रही है, जो कभी कांग्रेस में ही थे। इसके अलावा कांग्रेस की नजर ओल्ड मैसूर, बेलगावी, बीदर और तटीय कर्नाटक से आने वाले बीजेपी के कद्दावर नेताओं पर है।

कांग्रेस इन नेताओं को साथ जोड़कर 2024 में बीजेपी को कड़ी टक्कर देने की रणनीति तैयार कर रही है। कर्नाटक में कांग्रेस ने 2024 में 20 सीट जीतने का लक्ष्य रखा है वर्तमान में पार्टी के पास सिर्फ एक सीट है।

# खेल जगत

## प्रगनानंद ने मैग्नस कार्लसन को एक और ड्रा पर रोका

**बाकू (अजरबैजान)।** भारत के रमेशबाबू प्रगनानंद ने बुधवार को यहां फिडे विश्व कप के दो गेमों के फाइनल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को लगातार दूसरी बार ड्रा पर रोका, जिससे फाइनल मुकाबला टाईब्रेकर में खिंच गया। प्रगनानंद, जिन्होंने मंगलवार को सफेद मोहरों से ड्रा खेला था, ने इस बार काले मोहरों से नॉर्वेजियन शास्त्रीय शतरंज के पांच बार के विश्व चैंपियन को एक और ड्रा पर रोक दिया। यह एक शांत ड्रा था क्योंकि सफेद मोहरों से खेलने के बावजूद कार्लसन को अधिक फायदा नहीं मिल सका। फाइनल का फैसला अब गुरुवार को रैपिड शतरंज टाईब्रेक गेम के माध्यम से किया जाएगा।



# सिंधु ओकुहारा से हारीं, लक्ष्य प्री-क्वार्टर में पहुंचे



**कोपेनहेगन (डेनमार्क)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु मंगलवार को यहां विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप 2023 में दो पूर्व चैंपियनों के मुकाबले में जापान की नोजोमी ओकुहारा से हारकर बाहर हो गईं। हालांकि, लक्ष्य सेन ने प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर एक और पदक जीतने की अपनी संभावना बरकरार रखी। 22 वर्षीय लक्ष्य ने कोरिया गणराज्य के जियोन ह्योक-जिन को 36 मिनट में 21-11, 21-12 से हराया।

भारत के लिए कुछ और झटके लगे जब वेंकट गौरव प्रसाद और जूही देवांगन की मिश्रित युगल जोड़ी राउंड 64 के मुकाबले में जर्मनी के जोन्स राल्फी जानसन और लिंडा एफलर से 21-12, 21-11 से हार गई। स्विट्जरलैंड के बासेल में 2019 संस्करण में महिला एकल का खिताब जीतने के लिए फाइनल में ओकुहारा को हराने वाली सिंधु डेनिश राजधानी में 44 मिनट की मुठभेड़ में जापानी स्टार से 21-14, 21-14 से हार गईं।

सिंधु, जिन्होंने 2016 में रियो ओलंपिक में रजत और फिर टोक्यो में कांस्य जीता, आमने-सामने की लड़ाई में पुरानी प्रतिद्वंद्वी ओकुहारा से 10-9 से पीछे हैं और दोनों के बीच कई करीबी मुकाबले हुए हैं। लेकिन मंगलवार को रॉयल एरेना के कोर्ट नंबर 2 पर हुआ मुकाबला एकतरफा रहा, जिसमें भारतीय खिलाड़ी दूसरे गेम में 9-0 की बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रहीं।

ओकुहारा ने 9-6 की बढ़त बनाने से पहले पहले गेम में शुरुआत में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर हुई। हालांकि, सिंधु ने 9-9 से बराबरी कर ली, लेकिन जापानी शटलर ने फिर से बढ़त बना ली और 12-10 से आगे बढ़ते हुए 21-14 से पहला गेम जीत लिया।

28 वर्षीय सिंधु के लिए दूसरे गेम की शुरुआत अच्छी रही और उन्होंने 9-0 की बढ़त बना ली। ओकुहारा, जो बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में 36वें स्थान पर खिसक गई हैं जबकि सिंधु 15वें नंबर पर हैं, उन्होंने अपनी लय वापस हासिल की और लगातार पांच अंक हासिल किए और फिर 10-5 से चार और अंक जीतकर स्कोर 10-9 कर दिया।

जापानी शटलर ने 12-12 के स्कोर पर सिंधु को पछाड़ दिया और फिर ताकत से आगे बढ़ती गई और 21-14 से गेम जीत लिया, स्पष्ट रूप से अपनी बेहतर फिटनेस के दम पर जीत हासिल की। सिंधु को पहले राउंड में बाई मिली थी। अपने कोरियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ खेलते हुए लक्ष्य ने पहले गेम में शुरुआती बढ़त बनाई और फिर अपनी बढ़त बरकरार रखी। 6-4 की बढ़त से भारतीय शटलर ने 10-4 की बढ़त बनाई और फिर इसे 13-6 कर दिया। लक्ष्य ने अपना पलड़ा भारी बनाए रखा और पहला गेम 21-11 से जीत लिया।

यह सिलसिला दूसरे गेम में भी जारी रहा और लक्ष्य ने 4-1 की बढ़त बना ली और जियोन ह्योक-जिन के खिलाफ हमेशा अच्छी बढ़त बनाए रखते हुए जीत हासिल की।

## बाकू में अमनप्रीत के शानदार प्रदर्शन से भारत ने जीता स्वर्ण और कांस्य

**नई दिल्ली।** अमनप्रीत सिंह ने अजरबैजान के बाकू में चल रही इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड चैंपियनशिप (ऑल इवेंट्स) में पुरुषों की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल प्रतियोगिता जीतकर भारत को पांचवां स्वर्ण पदक दिलाया। महिला स्टैंडर्ड पिस्टल तिकड़ी ने टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता, जिससे देश की पदक संख्या पांच स्वर्ण और चार कांस्य पदक तक पहुंच गई। इसके साथ, भारत अब पदक तालिका में चीन के बाद दूसरे स्थान पर आ गया है, जो 24 पदकों के साथ शीर्ष पर है, जिनमें से 13 स्वर्ण हैं। अमनप्रीत ने पुरुषों की स्टैंडर्ड पिस्टल में 577 का स्कोर किया, जो रजत विजेता कोरियाई ली गुनह्योक से तीन अंक आगे था, जिन्होंने 574 का स्कोर किया। फ्रांस के केविन चैपोन ने ली के समान स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता, लेकिन कोरियाई की तुलना में कम आंतरिक 10 के साथ। भारतीय टीम में अमनप्रीत के अलावा हर्ष गुप्ता (573 के साथ चौथे) और अक्षय जैन (545) शामिल थे, हालांकि, टीम पदक से चूक गए और 1695 के कुल योग के साथ चीन, जर्मनी और कोरिया के बाद चौथे स्थान पर रहे। महिलाओं की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल में, जबकि तियाना (538 के साथ 11वें), याशिता शौकीन (536 के साथ 12वें) और कृतिका शर्मा (527 के साथ 14वें) व्यक्तिगत प्रतियोगिता में पदक दौर में जगह बनाने में असफल रहीं, लेकिन वे 1601 के संयुक्त स्कोर के साथ टीम कांस्य जीतने में सफल रहीं। चीन ने स्वर्ण पदक जीता और मेजबान अजरबैजान ने रजत पदक जीता।

## जेसविन एल्ड्रिन लंबी कूद फाइनल के लिए क्वालीफाई, श्रीशंकर असफल

**बुडापेस्ट (हंगरी)।** भारत के जेसविन एल्ड्रिन ने पुरुषों की लंबी कूद के फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जबकि साथी भारतीय मुरली श्रीशंकर बुधवार को यहां क्वालीफाइंग राउंड में कुल मिलाकर 22वें स्थान पर रहने में असफल रहे। जेसविन एल्ड्रिन ने क्वालीफाइंग बी ग्रुप में 8.00 मीटर की छलांग लगाकर 12 सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों में से फाइनल के लिए क्वालीफाई किया, जो गुरुवार शाम को होगा।

फाइनल में सीधे क्वालीफाइंग के लिए दूरी 8.15 थी, लेकिन केवल चार जंपर्स ही यह दूरी तय कर पाए। 8.00 मीटर के साथ क्वालीफाइंग में जेसविन एल्ड्रिन के सर्वश्रेष्ठ प्रयास ने उन्हें फाइनल में 12वां और अंतिम स्थान दिलाया। श्रीशंकर क्वालीफाइंग ए ग्रुप में केवल 7.74 की छलांग ही लगा सके और फाइनल में जगह बनाने में असफल रहे। यह पिछले साल ओरेगॉन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में हासिल की गई 7.96 की दूरी से कम है। पिछले साल ओरेगॉन में क्वालीफाइंग राउंड में श्रीशंकर ने 8.00 मीटर की छलांग लगाई थी।

बुधवार को, जमैका के वेन पिनॉक 8.54 मीटर के विश्व-अग्रणी प्रयास के साथ क्वालीफाइंग क्षेत्र में शीर्ष पर रहे, जबकि चीन के जियानान वांग 8.34 की दूरी के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जो उनके सीज़न का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। ग्रीस के मिल्टियाडिस टेंटोग्लू (8.26 मीटर) और जमैका के कैरी मैकलियोड (8.19 मीटर) अन्य जंपर थे जिन्होंने 8.15 मीटर के स्वचालित क्वालीफाइंग मार्क को पार किया।



अन्य भारतीयों में भारत की अन्नू रानी महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने में असफल रहीं। अन्नू ने बुधवार को 57.05 का सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले 12 एथलीटों में जगह नहीं बना सकीं। स्वचालित क्वालीफाइंग मार्क 61.05 मीटर या सर्वश्रेष्ठ 12 एथलीट था। अन्नू के प्रदर्शन ने उन्हें स्पर्धा के 36 एथलीटों में 19वां स्थान दिलाया।

## मेरी, रोहित की बल्लेबाजी शैली विपरीत : गिल

**नई दिल्ली।** युवा भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल का कहना है कि उनकी और कप्तान रोहित शर्मा की विपरीत बल्लेबाजी शैली उनकी सफल साझेदारियों का कारण है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को गिल के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि वह (रोहित) जिन क्षेत्रों को निशाना बनाते हैं, वह मुझसे थोड़े अलग हैं। उन्हें पावरप्ले में हवाई शॉट खेलना पसंद है। मैं ऐसा खिलाड़ी हूं जो फील्डरों के बीच जगह ढूंढकर चौके लगाना पसंद करता है, जबकि वह छक्के मारना पसंद करते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि यह संयोजन अच्छा काम करता है। गिल और रोहित नौ साझेदारियों में 76.11 की औसत से 685 रन जोड़ चुके हैं। बतौर सलामी जोड़ी इनका प्रदर्शन और भी बेहतर है जहां गिल-रोहित की औसत 85.37 हो जाती है। इस जोड़ी का प्रदर्शन एशिया कप और आगामी विश्व कप में भारत की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

रोहित के साथ बल्लेबाजी के बारे में गिल ने कहा कि कप्तान हर किसी को अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आजादी देते हैं। गिल ने कहा, उनके (रोहित) साथ पारी की शुरुआत करना बहुत अच्छा लगता है, खासकर यह जानते हुए कि सारा ध्यान उन पर है। वह चाहते हैं कि अन्य बल्लेबाज खुद को अभिव्यक्त करें और जिस तरह खेलना चाहते हैं उस तरह से खेलें।

उन्होंने कहा, इस तरह वह खिलाड़ियों को पूरी आजादी देते हैं कि वे अपने खेल को कैसे खेलना चाहते हैं। भारत अपने एशिया कप अभियान की शुरुआत दो सितंबर को कैंडी में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ करेगा, जबकि उसका विश्व कप अभियान आठ अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा।

## विश्व कप क्वॉलिफायर में पदक के साथ लौटेंगे : नवजोत

**नई दिल्ली।** चतुर मिडफील्डर नवजोत कौर की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम सलाला(ओमान) में 25 से 28 अगस्त तक होने वाले महिला एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वालिफायर में शिरकत करने के लिए बेंगलुरू से ओमान के लिए रवाना हुई। भारतीय महिला हॉकी टीम इलिट पूल में जापान, मलयेशिया और थाइलैंड के साथ है। वहीं दूसर चैलेंजर्स पूल में हांगकांग, चीन, चीनी ताइपे, बांग्लादेश और मेजबान ओमान की टीमें हैं। नवजोत कौर भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान हैं जबकि स्ट्राइकर ज्योति उपकप्तान होंगी। भारतीय टीम में गोलरक्षक बांसुरी सोलंकी भी है। रक्षापंक्ति का भार अक्षता अबासो ढेकले, महिमा चौधरी, सोनिया देवी क्षेत्रीमायुम संभालेंगे। मध्यपंक्ति का जिम्मा कप्तान नवजोत कौर और अजमीना कुजखर संभालेंगे जबकि अग्रिम पंक्ति का जिम्मा मरियरा कुजुर, ज्योति दीपि मोनिका टोपो संभालेंगी।



भारत की कप्तान नवजोत कौर अपनी टीम की महिला एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर में जीत की संभावनाओं को लेकर खासी उत्साह से भरी नजर आई। नवजोत ने कहा, 'हमें अपने पूल में कुछ मजबूत टीमों का सामना करना है। हमने इस टूर्नामेंट की तैयारी के लिए जितनी मेहनत की है उससे मुझे पूरा विश्वास है कि हम इसमें अच्छा प्रदर्शन करेंगे और पदक के साथ स्वदेश वापस लौटेंगे।' भारतीय महिला हॉकी टीम की कोच सौंदर्य येंडला ने टूर्नामेंट अपनी टीम की संभावनाओं की बाबत कहा, हम इस टूर्नामेंट के शुरू होने का बेताबी से इंतजार कर रहे हैं। हमने महिला एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर की तैयारियों के लिए जम कर तैयारी की है। हमारा लक्ष्य पूरे टूर्नामेंट में बढ़िया प्रदर्शन करना है। उम्मीद है हमें अपनी मेहनत का फल टूर्नामेंट जीतने के रूप में मिलेगा।'

■ **भारत का पहला मैच मलयेशिया से 25 अगस्त को**

**भारतीय महिला हॉकी टीम के मैचों का कार्यक्रम**

**25 अगस्त :** भारत वि. मलयेशिया, दोपहर साढ़े तीन बजे।

**26 अगस्त :** भारत वि. जापान, रात साढ़े नौ बजे।

**27 अगस्त :** भारत वि. थाइलैंड, दोपहर ढाई बजे।

**(सभी मैचों का समय भारतीय समयानुसार है)।**

## सार संक्षेप

### जीपीबीएल सीजन 2 : ओपनर में बेंगलुरु टाइगर्स का मुंबई वॉल्स से मुकाबला

**बेंगलुरु।** मेजबान बेंगलुरु टाइगर्स और मुंबई वॉल्स के बीच शुरुआती मुकाबले में भिड़ंत होगी, जो 27 अगस्त से शुरू होने वाले एक्शन से भरपूर ग्रैंड प्रिक्स बैडमिंटन लीग सीजन 2 के लिए रोमांचक माहौल बनाएगा। बैडमिंटन टूर्नामेंट के शुरुआती दिन चेन्नई सुपरस्टार्ज का मुकाबला नॉर्थईस्ट राइनोज़ से भी होगा। हैदराबाद हाउंड्स, पुणे पैंथर्स, गुजरात लायंस और नॉर्थईस्ट राइनोज़ मैदान में अन्य टीमें हैं। 13 दिवसीय लीग में कुछ शीर्ष राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एक्शन में नजर आएंगे। रोमांच बढ़ाने के लिए, लीग ने एक नया प्रारूप पेश किया है जो बेहतरीन मनोरंजन की गारंटी देता है। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी आठ टीमों को एक ही ग्रुप में रखा गया है, जहां वे मैचों की श्रृंखला में एक दूसरे को टक्कर देंगी। लीग चरण में प्रत्येक टीम पांच मैच खेलेगी। इस सीजन का एक मुख्य आकर्षण ड्रा है, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि टीमें लीग स्टेज में एक-दूसरे के खिलाफ एक ही मैच खेलें। जीपीबीएल ने कोर्ट पर प्रतिद्वंद्विता को तेज करने के लिए अपनी स्कोरिंग प्रणाली को भी नया रूप दिया है। टीमें प्रत्येक गेम जीतने पर एक अंक (11 अंक) अर्जित करेंगी, जबकि खिलाड़ियों के लिए प्रत्येक मैच में सभी तीन गेम खेलना अनिवार्य कर दिया जाएगा। टाई जीतने पर एक अतिरिक्त अंक दिया जाएगा। यदि कोई टीम ट्रम्प मैच सहित अपने सभी मैच जीतती है, तो उसे कुल 18 अंक मिलेंगे, जबकि सभी मैच हारने पर - 1 अंक मिलेगा।

### वर्ल्ड कप से पहले बुमराह-कृष्णा को ज्यादा से ज्यादा मैच खेलने चाहिए : सितांशु कोटक

डबलिन। आयरलैंड के खिलाफ चल रही टी20 सीरीज में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की शानदार वापसी से टीम इंडिया की गेंदबाजी मजबूत नजर आ रही है। आयरलैंड दौरे के लिए गई टीम इंडिया के मुख्य कोच सितांशु कोटक ने जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा की तारीफ की।

## बजरंग, दीपक को विदेश में प्रशिक्षण की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने पहलवान बजरंग पुनिया और दीपक पुनिया को क्रमश: किर्गिस्तान और रूस में प्रशिक्षण हासिल करने की अनुमति दे दी है। मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में बताया कि 18 अगस्त को कोच, स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट और एक सहयोगी के साथ किर्गिस्तान में 21 अगस्त से 28 सितंबर (39 दिन) तक प्रशिक्षण लेने के बजरंग के प्रस्ताव को कुश्ती उप-समिति की बैठक में चर्चा के लिए रखा गया था। इस बैठक में ओलंपियन दीपक पुनिया के 23 अगस्त से 28 अगस्त (35 दिन) तक रूस में प्रशिक्षण शिविर के लिए अपने कोच और फिजियोथेरेपिस्ट के साथ जाने के प्रस्ताव की भी चर्चा की गई।



चर्चा के दौरान समिति ने बजरंग और दीपक दोनों के प्रस्ताव को इस शर्त पर मंजूरी दी कि वे विदेश जाने से पहले सीनियर विश्व चैंपियनशिप ट्रायल में भाग न लेने के उचित कारण के साथ फिटनेस प्रमाणपत्र प्रदान करेंगे।

इसके बाद बजरंग ने 19 अगस्त को ईमेल के जरिए विश्व चैंपियनशिप ट्रायल में भाग न लेने के अपने कारण बताए। इसके अलावा 21 अगस्त को भारतीय खेल प्राधिकरण के सोनीपत केंद्र में मेडिकल फिटनेस मूल्यांकन आयोजित किया गया, जिसमें बजरंग को प्रतिस्पर्धी खेलों में खेलने/प्रशिक्षण के लिए फिट घोषित किया गया है।

इस बीच दीपक ने भी 22 अगस्त को अपना जवाब और मेडिकल सर्टिफिकेट भी जमा कर दिया। दोनों खिलाड़ियों के आवश्यक दस्तावेज जमा होने के बाद साई ने अब एजेंसियों से अपनी यात्रा की तारीखें देने का अनुरोध किया है। उनका जवाब मिलते ही पहली उपलब्ध फ्लाइट में टिकट बुक कर दिए जाएंगे।

## भारत की जर्मनी की जू. टीम से फाइनल में 1-6 से बड़ी हार

सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली।** भारत मेजबान जर्मनी से डसेलडर्फ में चार देशों के जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट, डसेलडर्फ 2023 के फाइनल में भी सोमवार देर रात 1-6 से हार उपविजेता रहा। भारत की जूनियर टीम इस लीग मैच में भी जर्मनी की जूनियर टीम से 2-3 से हारा था। भारत की ने अपने अभियान का आगाज स्पेन पर 6-2 की धमाकेदार जीत के साथ किया लेकिन समापन बदकिस्मती से बड़ी हार के साथ किया।

नियमित कप्तान उत्तम सिंह की गैरमौजूदगी में विष्णुकांत सिंह ने भारतीय जूनियर हॉकी टीम का कुशलता का नेतृत्व किया। बावजूद इसके भारत की जूनियर टीम को फाइनल में अपने नियमित कप्तान उत्तम सिंह की हॉकी कलाकारी और प्रेरणादाई मार्गदर्शन की कमी जरूर अखरी। भारत की जूनियर टीम के लिए जर्मनी की जूनियर टीम के हाथों लीग और फाइनल की हार जरूर चिंता का सबब है और इस पर टीम के चीफ कोच सी आर कुमार और हॉकी इंडिया को गंभीरता से सोचना होगा। भारत को इस साल के आखिर में क्वालालंपुर में एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में खिताब जीतना है जो उसे जर्मनी, नीदरलैंड, ऑस्ट्रेलिया की टीमों से पार पाना होगा।

■ **भारत की जू. टीम को अपने नियमित कप्तान स्ट्राइकर उत्तम सिंह की कमी अखरी**

■ **भारत की जू. टीम के लिए सुदीप चिरमाको ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा पांच गोल किए**

भारत की जूनियर टीम के लिए एकमात्र गोल इस टूर्नामेंट में उसके लिए सबसे ज्यादा पांच गोल कर उसके सबसे कामयाब रहे ओडिशा के आदिवासी अंचल से आने वाले नौजवान स्ट्राइकर सुदीप चिरमाको (22 वें मिनट) ने किया। भारत के लिए उत्साहवर्द्धक बात यह रही कि सुदीप चिरमाको ने इस टूर्नामेंट अपने पांच में तीन गोल जर्मनी जैसी दुनिया की मजबूत टीम के खिलाफ दागे। विजेता जर्मनी की जूनियर टीम के के लिए फ्लोरियन स्पर्लिंग (15 वें मिनट), बेन हाशवाक(20 वें मिनट), ह्युगो वॉन मोंटजलिस (23 वें मिनट), फैगिया सीज(38 वें मिनट), निकल्स ब्रेंडस(41 वें मिनट) और पॉल ग्लेंडर(43 वें मिनट) ने एक-एक गोल किया।

# वनडे रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचे गिल

**दुबई।** भारत के युवा प्रतिभावान बल्लेबाज शुभमन गिल बुधवार को बल्लेबाजों की वनडे रैंकिंग में एक स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गये, जबकि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी मैदान पर लौटने के बाद अपनी टी20 रैंकिंग में सुधार किया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा जारी नवीनतम वनडे रैंकिंग में, गिल 743 रेटिंग अंक के साथ इस प्रारूप में भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। गिल के बाद विराट कोहली (नौवां स्थान) शीर्ष 10 रैंकिंग में भारत के एकमात्र बल्लेबाज हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम 880 रेटिंग पॉइंट के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं।

दूसरी ओर, आयरलैंड टी20 सीरीज के लिये भारत के कप्तान चुने गये बुमराह सात स्थान ऊपर चढ़कर 84वें स्थान पर पहुंच गये। करीब एक साल बाद क्रिकेट में वापसी करने वाले बुमराह दो मैचों में तीन विकेट चटका चुके हैं। युवा लेग-स्पिनर रवि बिश्नोई भी दो मैचों में चार विकेट चटकाने के बाद टी20 गेंदबाजों की सूची में 17 स्थान की छलांग लगाकर 65वें स्थान पर पहुंच गये हैं। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 में 58 रनों की पारी के बाद ऋतुराज गायकवाड़ 143 स्थान ऊपर चढ़कर 87वें स्थान पर पहुंच गये, जबकि इस श्रृंखला से बाहर रहने के बावजूद सूर्यकुमार यादव बल्लेबाजों की टी20 रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। टेस्ट रैंकिंग में रविचंद्रन अश्विन दुनिया के नंबर एक गेंदबाज जबकि रवींद्र जडेजा दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर बने हुए हैं।

### हारिस राउफ, मुजीब उर रहमान ने बड़ी छलांग लगाई

पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस राउफ और अफगानिस्तान के ऑफ स्पिनर मुजीब उर रहमान ने श्रीलंका के हंबनटोटा में दोनों टीमों के बीच श्रृंखला के उद्घाटन के ठीक एक दिन बाद बुधवार को अपडेट की गई आईसीसी पुरुष एकदिवसीय खिलाड़ी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। राउफ ने 18 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान के 201 रन के जवाब में अफगानिस्तान को 19.2 ओवर में सिर्फ 59 रन पर आउट करने में मदद मिली, जिससे उन्हें सात स्थान का फायदा हुआ और उन्होंने इस साल मई में अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 42वें स्थान को पीछे छोड़ते हुए करियर के सर्वश्रेष्ठ 36वें स्थान पर पहुंच गए। रहमान, जिन्होंने अतीत में करियर की सर्वश्रेष्ठ दूसरी रैंकिंग का आनंद लिया था, 3-33 के आंकड़े के साथ तीन स्थान आगे बढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि उनके साथी मोहम्मद नबी अब सूची में 11वें स्थान पर हैं, जहां ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेज़लवुड पोल पोजीशन पर हैं।



मैच में सर्वाधिक 61 रन बनाने वाले पाकिस्तान के बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज इमाम-उल-हक एक स्थान के फायदे से कप्तान बाबर आजम (880 रेटिंग अंक) के नेतृत्व वाली बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान तीन पायदान आगे बढ़कर 58वें स्थान पर पहुंच गए हैं, भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (743 रेटिंग अंक) चौथे स्थान पर हैं। टी20 रैंकिंग अपडेट में, भारत के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के नेतृत्व में बल्लेबाजों की रैंकिंग में न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्क चैपमैन 129 रन बनाकर आठ स्थान आगे बढ़कर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

संयुक्त अरब अमीरात के वृत्त आनंद बल्लेबाजों में पांच स्थान ऊपर 56वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर अयान अफजल खान गेंदबाजी रैंकिंग में 62 स्थान ऊपर 116वें स्थान पर हैं। भारत-आयरलैंड मैचों में कप्तान जसप्रीत बुमराह और लेग स्पिनर रवि बिश्नोई दोनों मैचों में दो-दो विकेट हासिल करने के बाद गेंदबाजों की रैंकिंग में आगे बढ़े हैं। बुमराह 91वें से 84वें स्थान पर आ गए हैं जबकि बिश्नोई 82वें से 65वें स्थान पर आ गए हैं। डबलिन में दूसरे मैच में अर्धशतक के बाद सलामी बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ 143 स्थान की लंबी छलांग लगाकर 87वें स्थान पर पहुंच गए हैं। आयरलैंड के बल्लेबाज एंड्रयू बालबर्नी दूसरे मैच में 72 रन बनाकर चार पायदान ऊपर 61वें स्थान पर हैं जबकि कर्टिस कैंपर 10 पायदान ऊपर 70वें स्थान पर हैं।

## सुडोकू 6295 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 4 | 3 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 |
| 1 | 3 | 9 | 8 | 5 | 6 | 2 | 7 | 4 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 7 | 9 | 3 | 1 |
| 4 | 7 | 1 | 9 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 3 | 4 | 1 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 6 | 7 | 9 | 3 | 8 | 1 | 2 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 7 | 2 | 8 | 5 | 3 | 4 | 6 |

| SENSEX | BSE | 65433.30 ▲ 213.27 | NSE | 19444.00 ▲ 47.55 | MCX | Gold 58768 ▲ 194 | silver 73440 ▲ 1458 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [ अर्थ जगत ]

## रुपया 28 पैसे की बढ़त के साथ 82.71 प्रति डॉलर पर बंद

नयी दिल्ली । अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बुधवार को 28 पैसे की बढ़त के साथ 82.71 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह पिछले दो महीने में किसी एक दिन की सर्वाधिक तेजी है। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के कारण पूंजी प्रवाह और घरेलू बाजारों में सकारात्मक रुख से तेजी को समर्थन मिला। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से भी घरेलू मुद्रा की धारणा मजबूत हुई। हालांकि, विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी और अमेरिकी डॉलर की मजबूती ने रुपये के लाभ को सीमित किया।



## कपड़ा निर्यात, त्योहारी मांग से दूसरी छमाही बेहतर रहने की उम्मीद : उद्योग संगठन

**नयी दिल्ली ।** यूरोप और अमेरिका जैसे प्रमुख बाजारों में मांग सुस्त होने से कपड़ा और परिधान निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जुलाई के दौरान 13.74 प्रतिशत घटकर 1,124.53 करोड़ डॉलर रहा। हालांकि, त्योहारों के दौरान मांग बढ़ने से दूसरी छमाही में इसमें तेजी आने की उम्मीद है। उद्योग संगठन कनफेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री (सिटी) ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीते वित्त वर्ष 2022-23 की इसी अवधि में कपड़ा और परिधान निर्यात 1,303.67 करोड़ डॉलर का था। संगठन ने 2030 तक 350 अरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य हासिल करने का भरोसा भी जताया है। इस महीने तमिलनाडु के कोयम्बटूर में होने वाले सालाना एशियाई कपड़ा सम्मेलन के बारे में जानकारी देने के लिये आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उद्योग संगठन सिटी के चेयरमैन टी राजकुमार ने कहा, वैश्विक बाजारों में चुनौतियों के बीच यूरोप और अमेरिका जैसे प्रमुख बाजारों में मांग सुस्त होने से कपड़ा निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जुलाई के दौरान 13.74 प्रतिशत घटकर 1,124.53 करोड़ डॉलर रहा। लेकिन त्योहारों के दौरान मांग बढ़ने से दूसरी छमाही में इसमें तेजी आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, पहले का बचा माल अब कम हुआ है और त्योहार आने के साथ विभिन्न देशों से मांग आ रही है।

# सोयाबीन पेराई 32 फीसदी बढ़ी

## कैरी फॉरवर्ड स्टॉक पहुंच सकता है उच्च स्तर पर

***नयी दिल्ली ।** पेराई में वृद्धि के बावजूद खाद्य तेलों के भारी आयात के कारण सोयाबीन का कैरी ओवर स्टॉक उच्च स्तर पर पहुंच सकता है।*



चालू तेल वर्ष के दौरान सोयाबीन की पेराई खूब हो रही है। जुलाई महीने तक पेराई में 30 फीसदी से ज्यादा इजाफा हुआ है। पेराई बढ़ने की वजह सोयाबीन की उपलब्धता अधिक होना है। पेराई में वृद्धि के बावजूद खाद्य तेलों के भारी आयात के कारण सोयाबीन का कैरी ओवर स्टॉक उच्च स्तर पर पहुंच सकता है। पेराई बढ़ने से सोया खली के निर्यात में भारी इजाफा हुआ है।

**चालू तेल वर्ष में जुलाई तक पेराई 32 फीसदी बढ़ी** - सोयाबीन प्रोसेसर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार तेल वर्ष (अक्टूबर से सितंबर) 2022-23 में जुलाई तक 92.50 लाख टन सोयाबीन की पेराई हो चुकी है, जबकि पिछली समान अवधि में यह आंकड़ा 70 लाख टन था। इस तरह चालू तेल में पेराई में करीब 32 फीसदी इजाफा हुआ है। जुलाई में 7.50 लाख टन सोयाबीन की पेराई हुई है, जो पिछले साल जुलाई व इस साल जून महीने में हुई पेराई के बराबर है।

**रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकता है सोयाबीन का कैरी फॉरवर्ड स्टॉक** - सोयाबीन की पेराई में 32 फीसदी बढ़ोतरी के बावजूद चालू तेल में पेराई के लिए उपलब्ध पूरे सोयाबीन की पेराई नहीं हो पाएगी। इस तेल वर्ष में कैरी ओवर स्टॉक, उत्पादन व आयात मिलाकर सोयाबीन की कुल उपलब्धता 154.26 लाख टन रही। इसमें 13 लाख टन बीज के लिए निकालने के बाद पेराई के लिए उपलब्धता 141.26 लाख टन बची। इसमें अब तह 92.50 लाख टन पेराई, 3.70 लाख टन सीधे खपत व करीब 20 हजार टन निर्यात निकालने के बाद अभी किसान, कारोबारी और सोयाबीन प्लांटों के पास करीब 44.90 लाख टन सोयाबीन बचा हुआ है। पेराई के लिए दो महीने बचे हैं। सोपा ने अगले तेल वर्ष के लिए सोयाबीन का कैरी फॉरवर्ड स्टॉक करीब 32 लाख टन रहने का अनुमान लगाया है, जो अब तक का रिकॉर्ड है। चालू तेल वर्ष में कैरी ओवर स्टॉक करीब 25 लाख टन रहा।

**सोया खली निर्यात बढ़कर 17 लाख टन के करीब** - चालू तेल वर्ष में सोया खली की निर्यात मांग भी खूब निकल रही है। सोपा के अनुसार इस तेल वर्ष की अक्टूबर—जुलाई अवधि के दौरान 16.72 लाख टन सोया खली का निर्यात हो चुका है।

# नासिक के सभी एपीएमसी में प्याज की नीलामी आज से होगी शुरू, बैठक में बनी सहमति

***नयी दिल्ली ।** महाराष्ट्र के नासिक जिले में सभी एपीएमसी में प्याज की नीलामी आज से फिर शुरू होगी। प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाए जाने का विरोध कर रहे व्यापारियों ने आंदोलन वापस लेने का फैसला किया है। व्यापारियों के एक प्रतिनिधि ने बुधवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री डॉ. भारती पवार के साथ बुधवार को यहां व्यापारियों-निर्यातकों और किसानों के प्रतिनिधियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया।*



**नासिक में व्यापारियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद लिया गया फैसला** - बैठक के बाद पवार ने यह भी कहा कि नासिक में व्यापारियों के एक प्रतिनिधि ने बैठक में सूचित किया कि वे कृषि उपज बाजार समितियों (एपीएमसी) में प्याज की नीलामी बंद करने के फैसले को वापस ले रहे हैं और वहां से परिचालन शुरू होगा। उन्होंने कहा,40 प्रतिशत निर्यात शुल्क के बारे में हम केंद्र सरकार से पुनर्विचार करने और इस मुद्दे पर सकारात्मक निर्णय लेने का अनुरोध करेंगे। एशिया की सबसे बड़ी थोक प्याज मंडी के रूप में जानी जाने वाली लासलगांव एपीएमसी सहित नासिक में अधिकांश एपीएमसी में प्याज की नीलामी बंद कर दी गई है क्योंकि व्यापारी प्याज पर निर्यात शुल्क में वृद्धि के खिलाफ हैं।

**प्याज पर लगाए गए निर्यात शुल्क के बारे में गलत तस्वीर पेश की जा रही: पीयूष गोयल** - उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को आरोप लगाया कि कुछ राजनीतिक विरोधी प्याज पर लगाए गए निर्यात शुल्क के बारे में गलत तस्वीर पेश कर रहे हैं। उन्होंने किसानों से चिंता नहीं करने का आग्रह किया क्योंकि केंद्र ने अपने बफर स्टॉक के लिए 2,410 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद फिर से शुरू कर दी है। गोयल ने कहा कि प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाने का निर्णय उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए लिया गया है, लेकिन साथ ही केंद्र ने किसी भी घबराहट में बिक्री से बचने के लिए किसानों से अतिरिक्त 2 लाख टन प्याज खरीदने का भी फैसला किया है।

**प्याज व्यापारी संघ के अध्यक्ष बोले- हमारी मांगों पर विचार करने का आश्वासन मिला** - नासिक जिला प्याज व्यापारी संघ के अध्यक्ष खांडू देवरे ने बुधवार को यहां बैठक के बाद कहा, हमारी उचित मांग है कि केंद्र सरकार को प्याज पर कोई शुल्क लगाते समय व्यापारियों के बारे में सोचना चाहिए। व्यापारी किसानों के लिए बाधा उत्पन्न नहीं करते हैं। पवार ने व्यापारियों की मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया है। नतीजतन, हम अपना आंदोलन वापस ले रहे हैं और गुरुवार से नासिक जिले में एपीएमसी में प्याज की नीलामी शुरू कर रहे हैं।

# रूस से कच्चे तेल के आयात में 9 महीने में पहली बार आई गिरावट



***नयी दिल्ली ।** रूस ने यह कदम आपूर्ति कम करने और समर्थन मूल्य के लिए पेट्रोलियम निर्यात देशों और उसके सहयोगियों के समूह ओपेक प्लस से हुए समझौते के तहत उठाया है। रूस से भारत को होने वाला कच्चे तेल के आयात में बीते नौ महीनों में पहली बार गिरावट आई।*

कारोबार के सूत्रों के मुताबिक ओपेक प्लस के कटौती करने के कारण सऊदी अरब से आयात दो से ढाई साल के सबसे निचले स्तर पर आ गई। विश्व के दो सबसे बड़े कच्चे तेल के आयातकों चीन और भारत ने जुलाई के बाद से रूस और सऊदी अरब से आयात घटा दिया है। इसका कारण यह था कि कच्चे तेल के इन दो उत्पादकों ने उत्पाद और कच्चे तेल की खेप घटाने के कारण दाम बढ़ने शुरू हो गए थे। सऊदी अरब ने स्वैच्छिक रूप से जुलाई से सितंबर तक रोजाना 10 लाख बैरल प्रतिदिन की कटौती की है। रूस अगस्त में 50,000 लाख बैरल प्रतिदिन निर्यात की कटौती करेगा। रूस ने यह कदम आपूर्ति कम करने और समर्थन मूल्य के लिए पेट्रोलियम निर्यात देशों और उसके सहयोगियों के समूह ओपेक प्लस से हुए समझौते के तहत उठाया है।

## भारत की तेल रिफाइनरियों ने 2.2 प्रतिशत ज्यादा कच्चे तेल को किया रिफाइन

भारत की तेल शोधन कंपनियों ने जुलाई में 219 लाख टन कच्चे तेल का शोधन किया है, जो जुलाई 2022 के 214.2 लाख टन की तुलना में 2.2 प्रतिशत ज्यादा है। पेट्रोलियम प्लानिंग ऐंड एनॉलिसिस सेल (पीपीएसी) द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों से यह पता चलता है। जून महीने की तुलना में जुलाई में तेल शोधन 1.7 प्रतिशत बढ़ा है। आंकड़ों से पता चलता है कि इसमें में सरकार के तेल के सार्वजनिक उद्यमों (पीएसयू) और संयुक्त उद्यमों से 147 लाख टन शोधन हुआ है, जबकि निजी क्षेत्र के तेल शोधकों ने 72 लाख टन तेलशोधन किया है। जुलाई महीने में घरेलू कच्चे तेल का उत्पादन पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 2.1 प्रतिशत बढ़कर 25 लाख टन हो गया है।

## चंद्रयान 3 को बाजार की हरियाली भरी शुभकामना

# सेंसेक्स 213 अंक चढ़ा, निफ्टी 19450 के करीब

***मुबंई ।** चांद की सतह पर चंद्रयान 3 की लैंडिंग से पहले घरेलू शेयर बाजार ने हरे निशान पर निशान पर बंद होकर अपनी शुभकामनाएं दी है। बुधवार के कारोबारी सेशन के बाद सेंसेक्स 213.27 अंकों की बढ़त के साथ 65,433.30 अंकों के लेवल पर जबकि निफ्टी 47.55 अंक मजबूत होकर 19,444.00 के स्तर पर बंद हुआ।*



बुधवार को अदाणी पावर के शेयरों में लगभग 6.65 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। वहीं दूसरी ओर एचएएल के शेयरों में चार प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

**बैंकिंग सेक्टर के शेयरों से बाजार में आई मजबूती** - बुधवार को शेयर बाजार की तेजी में बैंकिंग सेक्टर के शेयरों का योगदान रहा। एनएसई पर निफ्टी बैंक इंडेक्स एक फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ जबकि एफएमसीजी , फार्मा और मेटल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली दर्ज की गई।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 47.55 अंक यानी 0.25 प्रतिशत के लाभ के साथ 19,444 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, मारुति, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, बजाज फाइनेंस, नेस्ले, पावर ग्रिड और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में जियो फाइनेंशियल सर्विसेज, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, टेक महिंद्रा, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं।


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-60250 चांदी टंच- 73600 चांदी रिफाइन -74900

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन

भाव-60250 चांदी टंच- 73600

चांदी रिफाइन -74900


# लैपटॉप आयात नीति से 16 कंपनियों पर खासा असर

***नयी दिल्ली ।** भारत की नई नीति में कंपनियों के लिए कंप्यूटर और संबंधित सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी उत्पादों के आयात के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य कर दिया गया है। इससे यहां कारोबार करने वाली लगभग 16 वैश्विक कंपनियों पर असर पड़ेगा, जो उन चार देशों में स्थित हैं, जिनके भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध हैं।*



1 नवंबर से लागू होने वाली इस नीति के संभावित असर के बारे में यह निष्कर्ष उद्योग संघों से एकत्र किए गए आंकड़ों से सामने आया है। इन देशों में अमेरिका और जापान शामिल हैं, जहां लगभग छह-छह कंपनियों को नए ऑर्डर के संबंध में मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। हालांकि ये दोनों देश भारत और ऑस्ट्रेलिया के साथ चतुर्भुज सुरक्षा वार्ता के प्रमुख सदस्य हैं। प्रभावित होने वाली कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार भी है और जापान एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) भागीदार है।

इन नियमों से जिन कंपनियों पर असर पड़ेगा, उनमें अमेरिका में एचपी, डेल, ऐपल इंक, जुनिपर, सिस्को और एचपीई तथा जापान में तोशिबा, सोनी (वायो), एनईसी, पैनासोनिक, फुजित्सु और डायनाबुक शामिल है। तीसरा देश दक्षिण कोरिया है, जिसके साथ भारत का एफटीए है। दक्षिण कोरिया भारत का 10वां सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। इस नियम से सैमसंग और एलजी जैसी कंपनियां प्रभावित होंगी। चौथा देश ताइवान है, जो भारत के वास्ते सेमीकंडक्टर के लिए रणनीतिक प्रौद्योगिकी साझेदार है। इसकी लैपटॉप कंपनियां आसुस और एसर भी प्रभावित होंगी। भारत 14 देशों के हिंद-प्रशांत आर्थिक ढांचा (आईपीईएफ) समूह का भी सदस्य है, जिसमें अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया भी शामिल हैं। एक देश जिसके साथ भारत के तनावपूर्ण संबंध हैं, वह है चीन। यानी लेनोवो को भी आयात लाइसेंस की इस व्यवस्था से चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार नई लाइसेंस व्यवस्था 'सुरक्षा संबंधी चिंताओं' के कारण शुरू की गई थी।

लेकिन प्रभावित होने वाली कुछ कंपनियों के अधिकारियों का कहना है कि इसका मकसद मुख्य रूप से उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत उत्पादों के स्थानीय विनिर्माण का संरक्षण करना है। भारत सालाना 19.7 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के लैपटॉप और पीसी का आयात करता है।

जिन कंपनियों को इसकी मार झेलनी पड़ेगी, वे ज्यादातर ऐसी कंपनियां हैं जो अपने पीसी को एक ही देश (चीन) में असेंबल करती हैं, जबकि एचपी और डेल जैसी कुछ कंपनियों का भारत में असेंबली परिचालन सीमित है।

अमेरिका के कारोबारी प्रमुखों का कहना है कि उन्हें इस बात की उम्मीद है कि अमेरिका की व्यापार प्रतिनिधि कैथरीन ताई, जो 23 से 25 अगस्त के बीच भारत आ रही हैं, इस मामले को भारत के सामने उठाएंगी। अमेरिका के लगभग आठ संगठनों ने 15 अगस्त को लिखे एक पत्र में ताई से आग्रह किया है कि वह सरकार से इस बारे में पुनर्विचार करने का आग्रह करें।

## रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82.68 |
| एक यूरो | 89. 65 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 104. 85 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53. 35 |
| एक जापानी येन | 0. 57 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 114 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 116 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-118 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 65 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070 भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


## रिलायंस रिटेल में 8,278 करोड़ रुपये का निवेश करेगा कतर निवेश प्राधिकरण

***नयी दिल्ली ।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की खुदरा इकाई रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) में कतर का सरकारी निवेश कोष क्यूआईए अपनी पूर्ण-स्वामित्व वाली अनुषंगी के जरिये 8,278 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।*

रिलायंस इंडस्ट्रीज ने बुधवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि आरआरवीएल में कतर निवेश प्राधिकरण (क्यूआईए) के इस निवेश का मूल्य 8,278 करोड़ रुपये है। कंपनी ने कहा, इस निवेश से क्यूआईए को आरआवीएल में 0.99 प्रतिशत की अल्पांश इक्विटी हिस्सेदारी हासिल होगी। आरआरवीएल अपनी कई अनुषंगियों एवं सहयोगी कंपनियों के जरिये भारत का सबसे बड़ा खुदरा कारोबार संचालित करती है। इसके देश भर में 18,500 से भी अधिक स्टोर हैं। आरआरवीएल की निदेशक ईशा अंबानी ने कहा, हम रिलायंस रिटेल वेंचर्स में एक निवेशक के तौर पर क्यूआईए का स्वागत करते हैं। हम आरआरवीएल को एक विश्वस्तरीय संस्थान बनाने के क्रम में क्यूआईए के वैश्विक अनुभव और मूल्य सृजन में उसके मजबूत रिकॉर्ड से लाभान्वित होना चाहते हैं।

## चीनी के निर्यात पर लग सकता है प्रतिबंध, अक्टूबर में होगा फैसला!



***नयी दिल्ली ।** चीनी के एक्सपोर्ट पर भी बैन लग सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार सरकार अक्टूबर के शुरुआत में चीनी के एक्सपोर्ट पर बैन लगा सकती है। अगर ऐसा हुआ तो पिछले 7 साल के दौरान पहली बार होगा जब चीनी के एक्सपोर्ट पर बैन लगेगा।*

उत्तर प्रदेश सहित कुछ राज्यों में इस बार बारिश कम हुई है। जिसकी वजह से गन्ने की फसल पर बुरा प्रभाव पड़ा है। ईटी की रिपोर्ट्स के अनुसार सरकार से जुड़े 3 सूत्रों ने चीनी के एक्सपोर्ट पर लगने वाले प्रतिबंध की पुष्टि की है। हालांकि, सरकार की तरफ से इसको लेकर कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने कहा, हमारी प्राथमिकता है कि लोकल लेवल पर चीनी की जरूरतें पूरा करने की है। साथ ही सरप्लस गन्ने से इथेनॉल प्रोड्यूस किया जाएगा। अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि हमारे पास गन्ना पर्याप्त नहीं है। जिस वजह से आने वाले सीजन में गन्ने के एक्सपोर्ट लिए कोटा उपलब्ध नहीं करवाया जा सकता है। भारत सरकार की तरफ से चीनी की एक्सपोर्ट पर अगर रोक लगाई गई तो अमेरिका से लेकर इंग्लैंड तक इसका असर देखने को मिल सकता है। मौजूदा समय में इन देशों में महंगाई अपने उच्चतम स्तर है। ऐसे में अगर चीनी के एक्सपोर्ट पर प्रतिबंध लगा तो महंगाई और बढ़ जाएगी।

सरकार ने मिलों को इस साल 30 सितंबर तक सिर्फ 6.1 मिलियन टन ही चीनी एक्सपोर्ट करने की अनुमति दी है। जबकि बीते सत्र में 11.1 मिलियन टन्स चीनी का एक्सपोर्ट किया गया था।

## सोना-चांदी के दाम बढ़े



**नयी दिल्ली ।** भारतीय सर्राफा बाजार में आज, 23 अगस्त, 2023 को सोना और चांदी महंगा हुआ है. सोने की कीमत 59,500 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है. वहीं, चांदी का भाव 75 हजार रुपये प्रति किलो से अधिक है.दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 90 रुपये चढ़कर 59,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया.

पिछले कारोबारी सत्र में सोना 59,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था.चांदी की कीमत भी 800 रुपये की तेजी के साथ 75,300 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई.विदेशी बाजारों में सोना और चांदी दोनों तेजी के साथ क्रमशः 1,903 डॉलर प्रति औंस और 23.75 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहे थे.


**देशबन्धु**

**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पैलेश के पीछे


मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# चंद्रयान-3, टीवी स्क्रीनों पर टिकी रहीं निगाहें, सफलता मिली तो झूम उठे



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत देश हर दिन नये कीर्तिमान रच रहा है। जिसमें बुधवार को एक और नाम जुड़ गया है। देश के वैज्ञानिकों ने सफलता पूर्वक चन्द्रमा पर चंद्रयान की लैंडिंग करायी। जिसके बाद देश में हर्ष का माहौल है ही साथ ही साथ कई राज्यों में खुशी देखने को मिली। जबलपुर में भी बुधवार को चंद्रमा पर चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग की पल-पल की अपडेट लेते लोग देखे गये।

शाम 5.30 बजते ही दिल की धड़कनें तेज होना शुरू हो गई। जैसे-जैसे समय बढ़ा लोगों का उत्साह बढ़ता गया।

शाम 6.04 मिनट पर आखिरकार वह पल जिसने लोगों की रोंगटे खड़े कर दिए। देश पर गर्व महसूस करने का यह क्षण अद्भुत था, क्योंकि आंखों में नमी भी थी और चेहरे पर मुस्कान भी। क्योंकि दक्षिणी ध्रुव पर पहली बार लैंडिंग कर वैज्ञानिकों ने इतिहास रच दिया। सफल लैंडिंग होते ही उत्साह का जश्न चारों ओर छा रहा।

## जय हिंद और वंदेमातरम से गूंजा शहर

टीवी और मोबाइल स्क्रीन पर लोग हर सैकंड की जानकारी जुटाते रहे। मिशन सक्सेसफुल होते ही भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिन्द के नारे से माहौल गुंजायमान हो गया।

- चंद्रयान में जो गड़बड़ियां रह गई थी, उसे दूर करके चंद्रयान 3 ने इतिहास रचा है। यह गौरवपूर्ण दिन रहा।

**-डॉ. इशा वासनिक**

- पहली बार इतिहास के साक्षी बने हैं। आने वाली पीढियों को इसके किस्से सुनाने वाली हम जनेरेशन हैं।

**-डॉ. अदिति कौशिक**

- सॉफ्ट लैंडिंग के बाद आंखे भावनाओं से नम थी। देशभक्ति का भाव भारत माता के नारों के साथ बढ़ गया।

**-डॉ. दिनेश पटेल**

- लैंडिंग होने बाद नई शोध और जानकारी मिलेगी। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव में संभावनाओं का पता चलेगा।

**- डॉ. धर्मेश गोस्वामी**

- वेटरनरी कॉलेज में सॉफ्ट लैंडिंग को देखने के लिए किया गया सीधा प्रसारण
- विजय नगर में बारिश के दौरान युवाओं ने चंद्रयान की लैंडिंग की खुशियां मनाई
- मानकुंवर कॉलेज में लाइव टेलिकास्ट के दौरान उत्साह
- नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में हर पल सभी की नजरें बिग स्क्रीन पर ठहरी रहीं
- एमएलबी स्कूल में बच्चों में दिखी जिज्ञासा





# मशरूम तोड़ने जंगल गये युवक पर भालू का हमला

**अनूपपुर, देशबन्धु।** अनूपपुर जिले के जंगल वन परिक्षेत्र बिजुरी अंतर्गत ग्राम फुलवारी टोला में छतनी तोड़ने गए युवक पर भालू ने हमला करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए स्थानीय लोगों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।



जहां उसका उपचार चल रहा है। बताया गया कि ग्रामीण सम्पत पाल छतनी (मशरूम) तोड़ने जंगल गया था। जहां, जंगल मे विचरण कर रहे भालू ने युवक पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिससे उसके कान कर हाथ तथा पैर में गंभीर चोट आई है। युवक के शोर मचाने पर ग्रामवासी जंगल पहुंचे व किसी कदर घायल युवक को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुरी ले जाया गया। जहां उसका उपचार कार्य चल रहा है।

# जबलपुर में पकड़े गए 82 लाख के इनामी नक्सली दंपत्ति

## निजी अस्पताल में इलाज कराते समय एटीएस ने किया गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में एनआईए की टीम ने जहां एक ओर आईएसआईएस से जुड़े लोगों को पकड़ा है, तो वहीं दूसरी ओर शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे 82 लाख रुपए के इनामी नक्सली पति-पत्नी को एटीएस की टीम ने गिरफ्तार किया है। दोनों को चार राज्यों की पुलिस लम्बे समय से तलाश कर रही थी। नक्सली दम्पति के कब्जे से पिस्टल, कारतूस, माओवादी साहित्य व तीन लाख रुपए नगद बरामद किए हैं।

एटीएस अधिकारियों के अनुसार नक्सली दंपत्ति अशोक रेड्डी अपनी पत्नी रैमती उर्फ कुमारी पोटाई जबलपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज कराने के लिए आए थे। जिसपर एटीएस की एक टीम ने उक्त निजी अस्पताल में दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

नक्सली अशोक रेड्डी उर्फ बल्देव उम्र 62 वर्ष पर मध्यप्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़ व महाराष्ट्र पुलिस द्वारा संयुक्त रुप से 82 लाख रुपए का ईनाम रखा गया था। जिन्हें पकडने के लिए इन चारों राज्यों की पुलिस व एटीएस द्वारा लगातार तलाशी अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान खबर मिली कि नक्सली दंपत्ति जबलपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज कराने के लिए आए हैं।

जिसपर एटीएस की टीम ने घेराबंदी कर अस्पताल में छापा मारकर अशोक रेड्डी व उसकी पत्नी रैमती उर्फ कुमारी पोटाई 43 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। अशोक रेड्डी तेलंगाना के गोलकुंडा का रहने वाला है, वहीं रैमती छत्तीसगढ़ के नारायणपुर की रहने वाली है। एटीएस अधिकारियों के अनुसार अशोक रेड्डी प्रतिबंधित संगठन सीपीआई की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का सदस्य है।

वहीं रैमती बस्तर छत्तीसगढ़ में पार्टी के लिए प्रचार-प्रसार का काम देखती रही। रैमती के बारे में यह भी कहा जा रहा है कि वह माओवादी साहित्य, पर्चे, पम्पलेट, प्रेस विज्ञप्ति, बैनर, पोस्टर आदि की प्रिंटिंग भी कराती थी। अशोक रेड्डी के खिलाफ चार राज्यों में हत्या, हत्या का प्रयास, डकैती, बलवा, अपहरण, लूट, पुलिस पार्टी पर



हमला, आगजनी, बम विस्फोट सहित आर्म्स एक्ट के 60 से ज्यादा मामले दर्ज हैं। नक्सली अशोक रेड्डी का मुख्य कार्य क्षेत्र तेलंगाना व छत्तीसगढ़ रहा, इस दौरान उसकी रैमती से मुलाकात हुई है।

अशोक रेड्डी के रैमती के साथ मिलकर नक्सल नेटवर्क व कैडर को मजबूत करने की बात भी सामने आई है। अब एटीएस की टीम द्वारा नक्सली दम्पति से उसके साथियों, नेटवर्क व माड्यूल के बारे में पूछताछ की जा रही है। एटीएस को यह भी आशंका है कि नक्सली दंपत्ति के और भी साथी मध्यप्रदेश में सक्रिय है।

# प्रदेश के 24 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, कई नदियां उफान पर

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के कुछ इलाकों में मानसून की सक्रियता जारी है। कई नदियां उफान पर हैं। नर्मदा पट्टी से लगे इलाकों में बारिश होने से तवा, बरगी बांध से पानी छोड़ा जा रहा है। इससे बड़वानी में नर्मदा नदी के पानी का लेवल बढ़ रहा है। बुधवार को बड़वानी से 5 किलोमीटर दूर राजघाट पर नदी का जलस्तर 131.900 मीटर पर पहुंच गया। नदी खतरे के निशान से 8.600 मीटर ऊपर बह रही है। राजघाट से सटे खेत डूब गए।

श्योपुर में मंगलवार रात से हो रही बारिश के कारण विजयपुर में क्वांरी नदी उफना गई। मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक बीते 24 घंटों के दौरान प्रदेश के ग्वालियर एवं चंबल संभागों के जिलों में अधिकांश स्थानों पर, रीवा संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर, इंदौर, शहडोल व सागर संभागों के जिलों में कुछ स्थानों पर वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान बैराड़ 180, सबलगढ़ में 150, विजयपुर में 140, पोहरी में 120, शिवपुरी में 110, भितरवार, सिहावल में 90, मऊ, करेरा, कोलारस में 80, बजाग, हनुमना, पुष्पराजगढ़ में 70, डबरा, वीरपुर, हटा, जवा, टीकमगढ़ में 60, माडा, मोहनगढ़, बमोरी, करहल, चीनोर, मिहोना, लहार में 50, सेमरिया, नईगढ़, अमरकंटक, बिजुरी, सिरमौर, राजनगर, नरवर, खकनार, मुरैना, इंदरगढ़ में 40 मिलीमीटर तक बारिश दर्ज की गई। अगले 24 घंटों के लिए मौसम विभाग का पूर्वानुमान बता रहा है कि शहडोल, रीवा, सागर संभागों के जिलों में, डिंडौरी जिले में अधिकांश स्थानों पर, ग्वालियर-चंबल संभाग के जिलों तथा कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट जिलों में अनेक स्थानों पर, भोपाल, नर्मदापुरम संभाग के जिलों में तथा बुरहानपुर जिले में कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है।

विभाग की ओर से जारी ऑरेंज अलर्ट को देखें तो डिंडौरी, छतरपुर, निवाड़ी, भिंड जिलों में कहीं-कहीं अतिभारी वर्षा एवं गरज-चमक की संभावना है। यलो अलर्ट बता रहे हैं सिंगरौली, सीधी, रीवा, सतना, अनूपपुर, उमरिया, शहडोल, कटनी, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पन्ना, दमोह, टीकमगढ़, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, मुरैना, श्योपुरकलां जिलों में कहीं-कहीं मध्यम से भारी बारिश की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो उत्तरी मप्र के मध्य में हवा के ऊपरी भाग में बना चक्रवात कमजोर पड़ गया है। इसके अलावा मानसून द्रोणिका राजस्थान, उत्तर प्रदेश, झारखंड से होकर मणिपुर तक बनी हुई है। साथ ही उत्तर प्रदेश से लगे मध्य प्रदेश के अधिकांश जिलों में वर्षा होगी।

# अपने मृत साथियों को शहीद का दर्जा देकर नक्सली फिर सक्रिय, बैनर-पोस्टर से दिया संदेश





## बैनर और सुतली बम बरामद

**बालाघाट, देशबन्धु।** बालाघाट जिले में आज भी नक्सलियों को खतरा बना हुआ है। लेकिन सक्रियता मुख्य मुद्दों पर ही दिखाई दे रही है। इस बार अपने मृत साथी को शहीद का दर्जा दिलाने के लिये बैनर-पोस्टर लगाकर आम लोगों संदेश दे रहे हैं।

पुलिस की लगातार सर्चिंग के बावजूद नक्सली अपनी मौजूदगी का एहसास कराते रहते हैं। हालांकि अब तक नक्सली बैनर लगाकर सरकार की नीतियों और ज्वलंत मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते रहे थे। अब नक्सली अपने मृत नक्सली साथियों की याद में उन्हें शहीद का दर्जा देकर शहीद सप्ताह के दौरान भी पर्चे और बैनर के माध्यम से अपने विचारों को प्रचारित कर रहे है। ऐसे ही एक बैनर पुलिस को मिला है। इसमें नक्सलियों ने गांव-गांव से युवक और युवतियों से पीएलजीए में भर्ती होने और 21 सितंबर को भाकपा का स्थापना दिवस जोर-शोर से मनाए जाने की बात कही।

मलाजखंड एरिया कमेटी के नाम से जारी इस पर्चे को पुलिस ने नक्सली डंप में बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार, लांजी थाना अंतर्गत नरपी के जंगली क्षेत्र में सर्चिंग के दौरान हॉकफोर्स और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम को नक्सलियों का डंप मिला। इसमें सुरक्षित तरीके से बरामद किए नक्सली बैनर, साहित्य, सामग्री और दीपावली में फोड़े जाने वाले सुतली बम मिले हैं। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का मानना है कि जिले के लांजी क्षेत्र में नक्सली प्रतिबंधित संगठन भाकपा (भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी-माओवादी) का मलाजखंड एवं टांडा दलम के नक्सली सक्रिय है। जो अवैध शस्त्र एवं गोला-बारूद क दम पर शासन एवं कानून के विरूद्ध लगातार अपने गतिविधियां संचालित कर रहे हैं।

हालांकि पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि आगामी चुनाव और वीआरपी मूवमेंट को देखते हुए नक्सल प्रभावित क्षेत्र में उपलब्ध हॉकफोर्स, सीआर पीएफ और पुलिस बल के जवानों की लगातार सर्चिंग जारी है और भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में सुरक्षा के लिए अतिरिक्त कंपनियों की डिमांड की है।

# मुख्यमंत्री के दौरे से पहले ग्रामीणों ने पटवारी को पीटा



**शहडोल, देशबन्धु।** शहडोल जिले में बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दौरे पर हैं। उनके आने के कुछ घंटे पहले ही शहडोल के कोटमा गांव में बवाल हो गया। यहां आक्रोशित ग्रामीणों एवं मृतक परिजनों ने पुलिस की मौजूदगी में पटवारी को बुरे तरीके से पीट दिया। दरअसल कोटमा गांव में फर्जी रजिस्ट्री की वजह से ग्रामीण की सदमे में मौत हो गई। जिसके बाद नाराज परिजनों ने भू-माफिया गंगासागर पर फर्जी रजिस्ट्री कराकर उनके घर को बेच दिया गया है, जिससे नाराज ग्रामीणों एवं मृतक के परिजनों ने वहां बवाल शुरू कर दिया, जिसके बाद घटना की जानकारी प्रशासन को लगी। प्रशासन को जानकारी लगते ही मौके पर पटवारी को भेजा गया जिसके बाद पुलिस की मौजूदगी में पटवारी को ग्रामीण व परिजनों ने मिलकर बुरे तरीके से पीट दिया।

जानकारी के अनुसार संतोष बर्मन की मौत हुई है, जिसके बाद परिजनों ने सड़क पर पटवारी दीपक पटेल की धुनाई कर दी, परिजनों के साथ ग्रामीण भी इकट्ठा है और सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना के बाद मौके पर पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी पहुंचे। पटवारी के साथ मारपीट करने की जानकारी जैसे ही जिले के आला अधिकारियों को लगी है तो मौके पर बड़े अधिकारी भी रवाना हुए। स्थिति को संभालने के लिए भारी संख्या में जवानों को भेजा गया है।

## मडियादो में 10 फीट लंबा अजगर देख दहशत में लोग

**दमोह, देशबन्धु।** दमोह जिले के मडियादो में देवी मंदिर के पास मंगलवार रात श्रद्धालु मातारानी के दर्शन करने पहुंचे थे। उसी दौरान एक विशालकाय अजगर वहां घूमता दिखाई दिया, जिसे देखते ही अफरा तफरी मच गई। सर्प विशेषज्ञ ने अजगर का रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ दिया है। बता दें, मडियादो पन्ना टाइगर रिजर्व का बफर जोन एरिया है, जहां जंगली जानवरों के साथ बड़े-बड़े अजगर आए दिन घूमते हुए दिखाई दे जाते हैं। जिसे देख लोगों की सांस हलक में अटक जाती है। मंगलवार की रात जब मडियादो के देवी मंदिर में 10 फीट लंबा अजगर लोगों ने देखा तो भागना शुरू कर दिया। अजगर की फुसकार सुनकर लोग काफी डर गए।

सूचना के बाद सर्प विशेषज्ञ नवीन खान मौके पर पहुंचे और एक घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद अजगर को पकड़ा। शानू उपाध्याय और बफरक्षेत्र प्रबंधन मडियादो की टीम ऋषि पटेरिया, सुधाकर पांडेय, दशरथ सिंह ने अजगर को चौरैया के जंगल में सुरक्षित छोड़ा।

# कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने का आदेश निरस्त, आरसीसी पोल ठेका मामला

**जबलपुर, देशबन्धु ।** मप्र हाईकोर्ट ने आरसीसी पोल ठेका प्रकरण में जबलपुर इंडस्ट्रीज ठेका कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने का आदेश निरस्त कर दिया है।

जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने उक्त आदेश किये। मामले की सुनवाई दौरान जबलपुर इंडस्ट्रीज ठेका कंपनी की ओर से कहा गया कि वन विभाग पन्ना ने छः हजार आरसीसी पोल का ठेका दिया था। निविदा प्रक्रिया में भाग लेकर ठेका हासिल करने वाली जबलपुर इंडस्ट्रीज ने 3200 पोल सप्लाई किये। इसी के साथ आंशिक भुगतान का निवेदन किया। साथ ही शेष सप्लाई कुछ समय पश्चात् करने की बात कही, लेकिन डिवीजनल फारेस्ट आफीस पन्ना ने मांग पूरी करना तो दूर ठेका कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने का आदेश जारी कर दिया।

यह प्रक्रिया नैसर्गिक न्याय सिद्धांत के खिलाफ है। जबकि अनुबंध में स्पष्ट उल्लेख था कि आरसीसी पोल सप्लाई में देर होने पर पांच प्रतिशत का जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा। लेकिन विभाग ने ऐसा न करते हुए ब्लैक लिस्टेड करने व भुगतान रोकने की मनमानी कार्रवाई की। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।


**सोनू पोल्ट्री**

बड़ा ब्रॉयलर - रु. 110

मीडियम ब्रॉयलर - रु. 112

छोटा ब्रॉयलर - रु. 114

मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

मुर्गा छोटा - रु. 118

मुर्गा मीडियम - रु. 116

मुर्गा बड़ा - रु. 114

मुर्गा जम्बो - रु. 114

मो.-9039925000, 9425800409


# 4 क्विंटल संदेहास्पद मावा जप्त, बिना लाइसेंस चल रही फैक्ट्री को कराया बंद

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में त्यौहारों का सिलसिला जारी है। जिसके मद्देनजर खाद्य विभाग की टीम भी रक्षाबंधन त्यौहार को देखते हुए गुणवत्ता विहीन खाद्य सामग्रियां बनाने व बेचने वालों पर कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में आम जनों को गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने मंगलवार को जिले के बाहर से आने वाली खाद्य सामग्री व विभिन्न खाद्य पदार्थों के विक्रय प्रतिष्ठानों की जांच की।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव के अनुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन की टीम ने सुबह दीनदयाल बस स्टैंड से मुरैना से आए 4 क्विंटल संदेहास्पद मावा को जप्त किया। जप्त किये गये मावा का दावेदार उपलब्ध ना होने से इसे कार्यालय लाया गया। इसी प्रकार एक अन्य कार्यवाही में आनंद नगर आधारताल स्थित फर्म हर्ष गृह उद्योग से मैसूर पाक व बेसन के नमूने मिलावट की शंका होने पर लिये गये। फर्म का लाइसेंस रिन्यू ना होने, खाद्य सामग्री का उचित रखरखाव न होने, फूड हैंडलर्स के स्वास्थ्य प्रमाण पत्र न होने से अग्रिम आदेश तक फर्म का खाद्य कारोबार बंद रखने के लिये निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने बनारसी डेरी न्यू रामनगर से पनीर और गणेश किराना स्टोर से सूजी का नमूना भी लिया।

बरगी शहर में भी बम बम ढाबा से दाल और शिवानी रेस्टोरेंट से आटा का नमूना लिया गया। सभी नमूनों को परीक्षण हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, संजय गुप्ता, माधुरी मिश्रा, सारिका दीक्षित एवं विनोद धुर्वे शामिल थे।


ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये

FREE FREE FREE FREE

जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान (ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)

LOOK SALON & ACADEMY (ONLY FOR FEMALE)

7828416648,7987003927

239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.

हेयर वाश, हेयर कट, फेस ब्लीच, हैंड डी -टेन पैक, फेस डी -टेन पैक,

कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

आसान किस्तों में उपलब्ध

मिश्रा इन्टरप्राइजेज

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।

एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है। 441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर मो. 9200000162 फोन- 2626496

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888

FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS

समदड़िया सिनेमा

TUESDAY SHOW OFFER RS. @ 120/-

Ghoomer 04:00 PM 08:30 PM

Rocky Aur Rani 01:00 PM

Jailer In Hindi 10:00 PM

Gadar-2 09:00 AM 10:00 AM 12:00 PM 01:00 PM 03:15 PM 04:15 PM 06:30 PM 07:30 PM 09:45 PM 10:45 PM

Blue Beetle In Hindi 09:30 AM 06:00 PM

OMG-2 10:00 AM 12:00 PM 03:00 PM 07:00 PM 10:55 PM